रोहतक

गुरुवार, 14 दिसंबर, 2023

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 27, अंक : 322

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .50

**मौसम**

अधि. 24.0

न्यूून. 6.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 श्रृंखला में बराबरी करने भारत को करना होगा उलटफेर, मैच आज







## आतंकी पन्नू की धमकी के बाद पुलिस हाईअलर्ट पर थी, फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़ सदन में घुसे प्रदर्शनकारी



संसद के बाहर युवती और युवक ने भी पीला धुंआ छोड़ जमकर काटा बवाल।

# संसद हमले की 22वीं बरसी पर सुरक्षा फिर धराशायी

### लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन में कूदे, पीला धुंआ छोड़ा, पकड़े गए

**सदन में 1 बजे हुई घटना**

युवकों के जूते में स्प्रे था, उसे निकालकर स्प्रे किया, सांसदों और मार्शलों ने दोनों को पकड़ा

■

पुलिस का दावा, सभी इस मामले में कुल 6 लोग शामिल, सभी ऑनलाइन मिले थे।

■

सदन के अंदर हंगामा करने वालों के सागर शर्मा और मनोरंजन, सदन के बाहर बवाल करने वालों के नाम नीलम और अमोल

■

नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली, संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश निलंबित

■

लोकसभा बिरला ने सभी दलों की बैठक बुलाई, सुरक्षा पर चर्चा विपक्ष ने की जांच की मांग

■

अमेरिका में रहने वाले आतंकी पन्नू ने दी थी हमले की धमकी

भाषा/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर सदन की सुरक्षा उस वक्त धराशायी हो गई, जब दर्शक दीर्घा से 2 युवक अचानक नीचे कूद गए। युवकों ने अपने जूते में कुछ स्प्रे छिपा रखा था। उसे निकालकर स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में अफरा-तफरी का माहौल था। इसके बाद सांसदों ने उसे पकड़ लिया। कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने बताया कि मैंने उसे सबसे पहले पकड़ा। कुछ ने दोनों की पिटाई भी की। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया। इसे देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया। यह घटना उस वक्त हुई जब लोकसभा में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर थी। फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में प्रदर्शनकारी घुसे और हंगामा किया।

**लोकसभा में घुसे दोनों युवक गिरफ्तार**

लोकसभा में प्रदर्शन कर रहे युवकों को कुछ सांसदों ने घेरकर पकड़ लिया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम सागर शर्मा (लखनऊ) और डी मनोरंजन (मैसुरु) हैं।

**संसद के बाहर भी प्रदर्शन कर रहे 2 अरेस्ट**

जब दोनों युवक संसद के अंदर हंगामा कर रहे थे, तभी दो अन्य अमोल शिंदे (लातूर, महाराष्ट्र) और नीलम (जींद) संसद के बाहर नारेबाजी-प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है। नीलम ने नारेबाजी की। कहा, 'तानाशाही नहीं चलेगी। संविधान बचाओ। मणिपुर को इंसाफ दिलाओ। महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा। भारत माता की जय। जय भीम, जय भारत।' मामले में कुल 6 लोग शामिल हैं। पांचवें व्यक्ति का नाम ललित झा है, जो गुरुग्राम में रहता था। छठे का नाम सामने नहीं आया है। पुलिस ने बताया कि सभी 6 लोग ऑनलाइन मिले थे।

**साजिश गुरुग्राम में रचने का शक, दंपति हिरासत में, एक और की तलाश जारी**

संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन करने वाले सागर शर्मा, मनोरंजन, नीलम और अमोल शिंदे दिल्ली जाने से पहले गुरुग्राम में रुके थे। इसका पता चलते ही केंद्र की एजेंसियां गुरुग्राम पहुंची। टीमें गुरुग्राम के सेक्टर 7 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पहुंची। यहां मकान नंबर 67 में आरोपी रुके थे। जिसके बाद दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल और केंद्रीय एजेंसियों की टीम ने वहां रहने वाले विक्की शर्मा और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। विक्की मूल रूप हिसार का रहने वाला है। यहीं नीलम भी रह रही थी।



**अध्यक्ष ने दिए जांच के आदेश**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, 'जो घटना शून्यकाल के दौरान हुई थी उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है। इस संदर्भ में दिल्ली पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया गया है।' 'आरंभिक जांच से पता चला कि वह साधारण धुंआ था और सनसनी फैलाने के उद्देश्य से छोड़ा गया था। चिंता का विषय नहीं है।'

**2001 में 13 दिसंबर को हुआ था हमला**

इससे पहले पुरानी संसद की इमारत में 13 दिसंबर, 2001 को 5 आतंकियों ने हमला किया था। इसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवान समेत 9 लोगों की मौत हुई थी।

### संसद की सुरक्षा चूक के बाद हरियाणा में भी अलर्ट जारी

विधानसभा सत्र की सुरक्षा का फिर रिव्यू होगा

विधायकों के स्टाफ को भी नहीं दिया जाएगा प्रवेश

विधान सभा का सत्र 15 दिसंबर से शुरू होगा

**चंडीगढ़।** लोकसभा में हुई सुरक्षा चूक के बाद हरियाणा भी अलर्ट हो गया है। 15 दिसंबर को शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भी सुरक्षा कड़ी होगी। विधानसभा में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से रिव्यू मीटिंग की जाएगी। लोकसभा में हुई घटना चिंता का विषय है। लोकसभा एक लोकतंत्र का मंदिर है, मंदिर में यह बड़ी चूक है। इस पूरे मामले की हाई लेवल और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इससे पीछे के मकसद की भी जानकारी जुटानी चाहिए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**सुरक्षा का ब्यौरा मांगा:** स्पीकर ने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों से ब्योरा मांगा है।

*(पेज दो भी देखें)*

**सरकार विरोधी लगाए नारे**

### संसद पर प्रदर्शन करने वाली नीलम जींद की निवासी

**जींद।** दिल्ली में बुधवार को संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाली नीलम मूल रूप से जींद जिले के घसो खुर्द गांव की रहने वाली है और छह महीने से हिसार के एक पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहकर हरियाणा सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी कर रही थी। घसो खुर्द गांव और हिसार में उसे पीजी के आसपास रहने वाले लोग जानते हैं कि नीलम की राजनीति में गहरी रुचि है, लेकिन उसके संसद के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन करने की बात सुनकर वह भी हैरान हैं। उधर, बुधवार सुबह की घटना के बाद हरियाणा सरकार की तमाम एजेंसियां नीलम से जुड़ी जानकारियां जुटाने में जुटी हैं। नीलम को दिल्ली पुलिस ने तब गिरफ्तार किया जब वह तमाम सुरक्षा प्रबंधों को धता बताते हुए संसद भवन के बाहर पहुंच गई और सरकार विरोधी नारे लगाने लगी। संसद भवन के आसपास तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया और पुलिस की एक टीम नीलम को वहां से ले गई। नीलम के छोटे भाई ने कहा-हमें तो पता ही नहीं था कि वह दिल्ली गई है। हमने तो उसे हिसार में छोड़ रखा है। वह एचटेट की तैयारी कर रही है। वह सोमवार को आई थी, इसके बाद मंगलवार को वापस चली गई। हमें तो यही था कि वह हिसार जा रही है। उसने कई बार बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। वह किसान आंदोलन में भी गई थी। सबसे पहले उसने किसान आंदोलन में हिस्सा लिया था। इसी वजह से करीब 6 महीने पहले हमने उसे हिसार छोड़ रखा था। परिवार में मेरा बड़ा भाई और माता-पिता है। पिता हलवाई हैं और मैं व मेरा भाई दूध का काम करते हैं। (पेज 3 भी देखें)



जींद में भाई बोला-हमने तो हिसार छोड़ा था

■

दिल्ली जाने का पता नहीं, गुरुग्राम में भी रुके

■

संसद के बाहर लगाए सरकार विरोधी नारे

■

हिसार में पीजी में रहती है नीलम

**खबर संक्षेप**

### कार्यकारी अभियंता को सीएम ने किया निलंबित

**चंडीगढ़।** सीएम मनोहर लाल ने एक्शन कोटेशन को सेंक्शन करने के लिए कमीशन मांगने के मामले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र सिंह हुड्डा निलंबित कर दिया। नियम-7 के तहत विभागीय कार्यवाही करने के भी दिए निर्देश सीएम विंडो पर आई एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जारी किए हैं। ब्यूरो

### महादेव ऐप का मालिक रवि दुबई से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के दो मुख्य मालिकों में से एक रवि उप्पल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर दुबई में स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, उप्पल (43) को पिछले हफ्ते हिरासत में लिया गया था। **भाषा**

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता एवं सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए और उन्होंने इस मामले को फर्जी करार दिया। तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से 52 वर्षीय सांसद ईडी ने तलब किया था। **भाषा**

### गुजरात से आप विधायक भयानी भाजपा में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात में आप के विधायक भूपेंद्र भयानी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करने के लिए 'आप' सही मंच नहीं था। इस घटनाक्रम को 'आप' के लिए एक झटका माना जा रहा है। भयानी इसके बाद भाजपा में शामिल हो गए। **भाषा**

### मर्सिडीज-बेंज की कारें जनवरी से 2% महंगी

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज कच्चे माल, जिंस और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत को आंशिक रूप से कम करने के लिए नए साल यानी एक जनवरी से भारत में चुनिंदा मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। **भाषा**

### पीडीएस में सी-फूड को शामिल नहीं किया जाएगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को अवगत कराया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लाभार्थियों को सी-फूड देने की कोई योजना नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने प्रश्नकाल के दौरान वाईएसआर कांग्रेस के श्रीकृष्ण देवरायालू लावू के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। **भाषा**

**खेल पुरस्कारों का नामांकन**

### चिराग और सात्विक को खेल रत्न व शमी बनेंगे अर्जुन

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं। सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। जबकि, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। 33 साल के शमी का नाम नॉमिनेशन की शुरुआती सूची में नहीं था, ऐसे में बीसीसीआई ने मंत्रालय से उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े खेल अवॉर्ड की लिस्ट में शामिल करने की गुजारिश की और शमी को अर्जुन अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया। शमी के अलावा, 16 अन्य खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है।



**पांच कोच बनेंगे द्रोणाचार्य:** कोचिंग में सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए 5 लोगों को नामित किया गया है। इनमें गणेश प्रभाकरन (मल्लखंभ), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) शामिल हैं।

**प्रदूषण पर लगाम जरूरी**

### पराली जलाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली पराली जलाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित किया कि लोग ऐसा न करें क्योंकि हर साल सर्दियों के मौसम में इसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। पराली जलाने की घटनाओं को गंभीर बताते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने संबंधित राज्य सरकारों को प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। हर साल सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर को परेशान करने वाले गंभीर वायु प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत ने कहा, 'आइए हम कम से कम अगली सर्दियों को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास करें।' पीठ ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में समिति की कई बैठकें हुईं और इसने इस मुद्दे से निपटने के लिए पंजाब और हरियाणा सहित राज्यों के लिए कार्य योजना तैयार की है।



### दोनों ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की पीएम मोदी ने दी बधाई

**रायपुर/भोपाल (भाषा)।** भाजपा विधायक दल के नेता विष्णुदेव साय ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साय के साथ ही भाजपा विधायक अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह पहला मौका है जब राज्य में मुख्यमंत्री को सहयोग करने के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने साइंस कॉलेज मैदान में एक शपथ ग्रहण समारोह के दौरान साय और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वहीं, एमपी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। वे एमपी के 19वें मुख्यमंत्री हैं। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ 10 मिनट का रहा। जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सभी को शपथ दिलाई।

# विष्णु ने छग और मोहन ने एमपी की संभाली कमान





एमपी के सीएम मोहन यादव को बधाई देते पीएम नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में शपथ ग्रहण करते सीएम विष्णुदेव साय। फोटो : एजेंसी

**छत्तीसगढ़ में साव और शर्मा बने उपमुख्यमंत्री**

**मध्यप्रदेश में देवड़ा, शुक्ल ने डिप्टी सीएम की शपथ ली**

**हर जिले में खुलेंगे प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेजः मोहन**

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सीएम डॉ मोहन यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक की। जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। हर जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खोले जाएंगे। नियमों के खिलाफ खुले संचालित मांस या अंडे की दुकानों पर सख्ती की जाएगी। लाउड स्पीकर/डीजे के इस्तेमाल को लेकर भी अहम आदेश जारी किया गया है।

**समारोह में ये रहे मौजूद**

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और रामदास अठावले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के उनके समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और अन्य राज्यों के पार्टी नेता शामिल हुए।इस कार्यक्रम में राज्य के लगभग 50 हजार लोग भी शामिल हुए।

**मौसम** दिन में उत्तर-पश्चिम हवाएं बढ़ाएंगी ठिठुरन, छाए रह सकते हैं बादल

*दिन का तापमान 0.3 डिग्री तक गिरा, गेहूं के लिए मौसम बेहद बढ़िया*

### कोहरे ने फिर दी दस्तक, आज भी छाएगी घनी धुंध, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश में दिसंबर के पहले तीन दिन कोहरा छाने के बाद मौसम साफ चल रहा था। लेकिन बुधवार को एक बार फिर कोहरे ने दस्तक दी। इसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़। कई जिलों में सुबह और शाम को सड़कों पर 10 मीटर ही विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गुरुवार को भी प्रदेश में सुबह के समय घनी धुंध छाएगी। रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी, जबकि दिन के तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।



**वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी**

बुधवार सुबह कई इलाकों में घना कोहरा छाने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। कोहरे के कारण विजीबिलिटी 100 मीटर तक रही। लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों का संचालन भी थोड़ा प्रभावित हुआ। अधिकतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की कमी आई, जबकि न्यूनतम तापमान थोड़ा बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार आंशिक बादल छाने के बाद एक-दो दिन कोहरे का असर देखने को मिल सकता है।

**गेहूं में होगा फुटाव**

गेहूं की फसल को सर्दी के मौसम में लाभ पहुंचेगा। एक्सपर्ट्स की मानें तो इस मौसम में फसल की उचित देखभाल करना बेहद जरूरी है। इस बार ये ठंड गेहूं की फसल के लिए बेहद फायदेमंद है। ठंड से गेहूं के पौधे का फुटाव बढ़ता है, जिससे फसल की पैदावार बढ़ती है। ठंड से गेहूं के पौधे में रोगों और कीटों का प्रकोप भी कम रहता है।

**आगे क्या :** मौसम विभाग का कहना है कि 14 दिसंबर को बादल छाए रहेंगे, इससे दिन में उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने से दिन के तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी।

# सावित्री जिंदल देश के टॉप पांच अमीरों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा की निवासी सावित्री जिंदल अब देश के टॉप-5 अमीरों की सूची में पांचवें नंबर पर पहुंच गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 25 अरब डॉलर तक पहुंच गई। पिछले 2 साल में उनकी दौलत में भारी इजाफा हुआ। सावित्री जिंदल फोर्ब्स की सूची में 2020 में 349वें नंबर पर थी। इसके बाद अगले ही साल 2021 में 234 और 2022 में 91वें नंबर पर पहुंच गई। कुछ सालों के अंदर ही सावित्री के कारोबार में बड़ा इजाफा हुआ।

**जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष हैं, 25 अरब डॉलर संपत्ति**



**टॉप 10 अमीर**

- मुकेश अंबानी
- गौतम अदाणी
- शपूर पलोनजी मिस्त्री
- शिव नादर
- सावित्री देवी जिंदल
- अजीम प्रेमजी
- दिलीप शांतिलाल सांघवी
- राधाकिशन दमानी
- लक्ष्मी मित्तल
- कुमार मंगलम बिरला

**ओमप्रकाश ने जिंदल ग्रुप की स्थापना की**

बता दें कि सावित्री जिंदल हिसार की रहने वाली हैं। उनके पति ओमप्रकाश जिंदल ने जिंदल ग्रुप की स्थापना की थी। देश-विदेश में इस ग्रुप का बड़ा कारोबार है। पहले ओमप्रकाश जिंदल ही ग्रुप को संभालते थे, लेकिन 2005 में हरियाणा में हेलीकॉप्टर क्रैश होने की वजह से उनका निधन हो गया था। इसके बाद से ही जिंदल ग्रुप की कमान सावित्री जिंदल संभाल रही हैं।

**सावित्री ने संभाला पूरा कारोबार**

सावित्री का जन्म असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को जन्म हुआ। उनका विवाह 1970 में जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल से हुआ। उनके 9 बच्चे हैं। जब वे 55 साल की थीं, तब उनके पति की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद सावित्री ने ही पूरा कारोबार संभाला।

## खबर संक्षेप

### अधिसूचना जारी, विस का शीतकालीन सत्र 15 से

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर, 2023 से शुरू होगा। इस संबंध में हरियाणा विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### प्रोटोकॉल अधिकारी बने नरेंद्र चौहान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नरेंद्र सिंह चौहान को हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में प्रोटोकॉल अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया है। पहले नरेंद्र सिंह प्रोटोकॉल ब्रांच में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने इनकी प्रोटोकॉल अधिकारी के तौर पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं।

### 2047 तक दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनेगा भारत

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने अमृत काल के आगामी 25 वर्षों में भारत को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने में युवा वर्ग की महती भूमिका होगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव अहरी व माछरौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### कुरुक्षेत्रः कांग्रेस नेता डा. रामप्रकाश का निधन



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस नेता 84 वर्षीय डा. रामप्रकाश का बुधवार अलसुबह निधन हो गया। डा. रामप्रकाश पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। डा. रामप्रकाश के निधन पर राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक प्रकट किया है। डा. रामप्रकाश ने 1990-1991 में राजनीति में प्रवेश किया था और वर्ष 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर स्थानीय चुनाव जीता। वे कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पद भी रहे है। डा. रामप्रकाश 1991 में थानेसर के विधायक भी बने थे।

### इनेलो ने 'महिला प्रकोष्ठ' में नियुक्तियां की

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने इनेलो संगठन को और ज्यादा मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचारविमर्श करके 'महिला प्रकोष्ठ' में अलग-अलग पदों पर नियुक्तियां की हैं।

### पंचायततों के विकास के लिए मिलेंगे 1100 करोड़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि आवंटित किए गए 1100 करोड़ रुपये से विकास कार्य जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि उन्हें आगामी विकास राशि आवंटित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को 800 करोड़ रुपये, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ रुपये तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

### 60 हजार नियमित कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया जारी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कच्चे कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाने के लिए आउटसोर्सिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाकर लगभग 90 हजार से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में समायोजित करके मनोहर तोहफा दिया है। वहीं प्रदेश में 60 हजार नियमित कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

## विज ने छावनी में 4.62 करोड़ से थाने के भवन का शिलान्यास किया

# प्रदेश के नए पुलिस भवन में होगा जिम-सेंट्रल एयरकूल सिस्टम

## अच्छे माहौल में काम करेंगे तो नतीजे सही होंगे

- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसमें पुलिस कैसी होनी चाहिए इसकी तैयारी हमें आज से ही करनी होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस को मॉर्डन पुलिस बनाना चाहते हैं और इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यस्थल पर उन्हें बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए अब हरियाणा में जितने भी नए पुलिस भवन बनेंगे उनमें स्टाफ के लिए जिम का प्रावधान तथा सेंट्रल एयर कूल सिस्टम होगा। विज बुधवार को अम्बाला छावनी में 4.62 करोड़ रुपये की लागत से महेशनगर थाने के नए भवन का शिलान्यास रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



**चंडीगढ़।** अम्बाला छावनी में 4.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले महेशनगर थाने के नए भवन का शिलान्यास करते हुए गृह मंत्री अनिल विज।

### भविष्य में थाना क्षेत्रों में बदलाव होगा

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि महेशनगर व सदर थाना क्षेत्र का एरिया काफी बड़ा है। इसको ध्यान में रखते हुए महेशनगर थाना-वन व महेशनगर थाना-टू होगा और उसी प्रकार सदर क्षेत्र के तहत सदर थाना-वन व सदर बाजार थाना-टू होगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए सुगमता हो और पुलिस अपने कार्य को सुगमता से करते हुए कानून व्यवस्था और बेहतर बना सके। यह व्यवस्था पूरे हरियाण के लिए की जा रही है जिसमें नए थानों के साथ-साथ चौकियों का नवीनिकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा महेशनगर थाने का निर्माण किया जाएगा और डेढ़ वर्ष में यह थाना बनकर तैयार होगा।

### पुलिस के भवन चौकी, थाने की मैपिंग की जाएगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसी संकल्प के तहत 2047 मे हमारी पुलिस कैसी होनी चाहिए, इसकी तैयारी हमें आज से ही करनी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर हरियाणा पुलिस के भवन जैसे चौकी, थाने या अन्य हैं, उनकी मैपिंग की जाएगी। जनसंख्या के मुताबिक कहां चौकी होनी चाहिए, थाना होना चाहिए, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा जब हम पुलिस को बेहतर वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं देंगे तो उसके साकारात्मक परिणाम भी सामने आएंगे और जनता को भी इसका लाभ मिलेगा महेशनगर थाना बने कई वर्ष हो गए हैं। अब दो एकड़ में अम्बाला-जगाधरी रोड पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त महेशनगर थाना बनाया जाएगा जिसका पुलिस के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। इससे पहले भी सुभाष पार्क के पास हाउसिंग बोर्ड चौकी, बीसी बाजार में बीसी बाजार चौकी का निर्माण भी चल रहा है।

### हरियाणा का 'सुपर 100' कर रहा छात्रों के सपने साकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रेरणा से शुरू किया गया सुपर- 100 कार्यक्रम होनहार छात्रों के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुपर 100 कार्यक्रम की पहली छात्रा काजल को माइक्रोसॉफ्ट से 31 लाख की सैलरी का पैकेज ऑफर हुआ है। फतेहाबाद के इंदाछोई गांव की रहने वाली काजल वर्तमान में आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई कर रही है। वहीं सुपर 100 कार्यक्रम के पहले बैच के एक अन्य छात्र प्रवीण को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर ट्रेसाटा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से 18 लाख का पैकेज ऑफर हुआ है। प्रवीण आईआईटी दिल्ली के छात्र हैं और सिरसा के मुन्नावाली गांव के रहने वाले हैं। सुपर 100 प्रोग्राम के पहले बैच के छात्र इस साल कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

- सीएम ने सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी
- सुपर-100 कार्यक्रम की काजल को माइक्रोसॉफ्ट से मिला 31 लाख का पैकेज

#### एसजीपीसी की याचिका पर सुनवाई

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बार-बार पैरोल देने पर हाई कोर्ट ने सवाल खड़े किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की लगातार रिहाई के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) द्वारा दायर याचिका का दायरा बढ़ाते हुए हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य से यह बताने को कहा कि क्या ऐसे लाभ समान स्थिति वाले जेल कैदियों को प्रदान किए गए हैं। बुधवार जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई, हाई कोर्ट ने सरकार द्वारा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बार बार पैरोल/फरलो देने पर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने डेरा प्रमुख को विशेष सुविधा देने पर कहा कि काफी संख्या में लोग जेलों में हैं, जो पैरोल/फरलो का इंतजार कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से कुछ कोर्ट फैसलों का हवाला देकर कहा गया कि डेरामुखी हार्ड कोर क्रिमिनल नहीं है और केस के अनुसार पैरोल/फरलो पर विचार कर निर्णय लिया जाता है। हाई कोर्ट ने सरकार के जवाब पर कहा कि पहले सरकार यह बताए कि उनके पास कितने कैदियों को पैरोल और फरलो की अर्जियां आई हैं।

#### हाईकोर्ट ने कहा-क्या आरक्षण दो बार दिया

### इंस्पेक्टर से डीएसपी की पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक पर रोक जारी रहेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में इंस्पेक्टर से डीएसपी की पदोन्नति के लिए डीपीसी (विभागीय पदोन्नति कमेटी) की बैठक पर रोक जारी रहेगी। बुधवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार से कहा कि अगली सुनवाई पर इस बात की जानकारी दी जाए कि किसी अधिकारी को प्रमोशन में दो बार आरक्षण व क्रीमी लेयर के दायरे में आने वालों को लाभ तो नहीं दिया जा रहा है। इसी के साथ हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक पर लगाई रोक हटाने के फैसले को खंडपीठ में चुनौती दी गई थी। याचिका दाखिल करते हुए इंस्पेक्टर कमलजीत सिंह व अन्य ने बताया कि हरियाणा सरकार ने इंस्पेक्टर से डीएसपी की पदोन्नति प्रक्रिया आरंभ की है। याचिकाकर्ताओं को जानकारी मिली कि इस प्रक्रिया में आरक्षण को लागू किया गया है। याची ने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने यह स्पष्ट कर दिया था।

#### आप प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने जायजा लिया

### 15 से शुरू होने वाली प्रदेशस्तरीय 'बदलाव यात्रा' की तैयारियां तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेशस्तरीय बदलाव यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया और रूपरेखा तैयार की। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा निकलेगी। इब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से



लेकर 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति और दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए क्रांतिकारी बदलावों के बारे में प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। यात्रा का ठहराव गांवों में किया जाएगा।

### नौ सालों में सीएम विंडो के नाम पर जनता को किया गुमराहः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर हरियाणा सरकार द्वारा 9 वर्ष पूर्व संचालित सीएम विंडो योजना जनता को गुमराह करने के अलावा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली योजना साबित होकर रह गई है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 9 वर्ष पूर्व सीएम विंडो के नाम से एक योजना शुरू की गई लोगों की शिकायतों का 1 महीने में समाधान का दावा किया गया लेकिन हकीकत कुछ और है।

### दीपेंद्र ने संसद में उठाया आईआईटी झज्जर और सोनीपत का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने संसद में हरियाणा के झज्जर और सोनीपत जिले में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई टी), दिल्ली के विस्तृत परिसरों में काम की मौजूदा स्थिति का ब्योरा मांगते हुए पूछा कि इसके काम में अप्रत्याशित विलंब क्यों हो रहा है, इसका काम कब तक पूरा हो जाएगा और झज्जर परिसर पूरी क्षमता के साथ कब से शुरू हो जाएगा। उनके सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने आईआईटी झज्जर के काम के बारे में कोई तथ्य नहीं बताया और सोनीपत के लिए गोल-मोल जवाब दे दिया। सांसद ने कहा कि मंशा ठीक नहीं लगती है।

### गरीब को छत से चूल्हे तक सशक्त कर रही मोदी सरकारः ढांडा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते साढे 9 साल में गरीब के दर्द को न केवल समझने का काम किया है, बल्कि उसे मरहम लगाते हुए उनके जीवन में सहूलियत को बढ़ाने का काम किया है। मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व की सरकार गरीब को छत देने से लेकर चूल्हा तक उपलब्ध कराने की दिशा में मजबूती से काम कर रहे हैं।

#### 561 भिखारियों व 518 बाल श्रमिकों का भी रेस्क्यू

### ऑपरेशन स्माइल-2 से 3000 से अधिक घरों में लौटी मुस्कान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल-2 के तहत नवंबर माह 2023 में कुल 3219 गुमशुदा बच्चों और वयस्कों को खोजकर उनके परिवारों की खोई हुई मुस्कान वापस लाने में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस की टीमों द्वारा 893 गुमशुदा बच्चों, 853 व्यस्कों, 561 भिखारियों, 518 बंधुआ मजदूरी करने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। इसके साथ ही इस अभियान के तहत 484 बच्चों को बाल गृह पहुंचाया गया है। इस संबंध में आज यहां जानकारी देते हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने बताया कि



इसके साथ ही इस अभियान के तहत 484 बच्चों को बाल गृह पहुंचाया गया

हरियाणा पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों की पहचान करते हुए उन्हें अपने परिजनों से मिलवाने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रही है। कर्तव्य से आगे बढ़कर अपनी डयूटी को बखूबी निभाते हुए हरियाणा पुलिस की टीमों ने यह उपलब्धि हासिल की है। साथ ही पुलिस द्वारा इस माह नवंबर मे 561 भिखारियों और 518बाल श्रमिकों का पता लगाकर उन्हें रेस्क्यू किया गया है।

### कांग्रेस की सोच गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि कांग्रेसी और कांग्रेस विचारधारा वाले कुछ लोग उचाना को विवाद का केंद्र बनाकर भाईचारा खराब करना चाहते हैं लेकिन हम किसी सूरत में भाईचारे को खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार ने नई योजनाएं बनाकर किसानों को लाभ पहुंचाया है लेकिन पूर्व कांग्रेस सरकार में कभी किसानों की सुध नहीं ली गई। वे उचाना हलके के दौरे के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। बुधवार को डिप्टी सीएम चौटाला ने उचाना और नरवाना में सभाओं को संबोधित किया।

### लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण ने राज्यपाल से मुलाकात की



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से आज बुधवार को लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण ने राजभवन हरियाणा में शिष्टाचार मुलाकात की। श्योराण ने राज्यपाल हरियाणा को खेलों के संबंध में हासिल की गई अपनी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें शाल उढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर उनकी बहन प्रो0 कीर्ति श्योराण तथा शिक्षाविद सोनम श्योराण भी उपस्थित रहीं। लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण ने बताया कि आयरनमैन ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप विश्व ट्रायथलॉन कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित लंबी दूरी की ट्रायथलॉन दौड़ की एक श्रृंखला है। पहला आयोजन 1978 में हवाई में हुआ था, जिसमें 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग की सवारी और 42.2 किमी मैराथन दौड़ शामिल थी।


**इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग**
**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय,**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
www.bpsmv.ac.in

**शुद्धिपत्र**

इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में प्रयोगशाला मदों की खरीद हेतु निविदा संदर्भ सं. 149 और निविदा आईडी 2023_HRY_332259_1 हेतु अन्तिम तिथि एतद द्वारा 20.12.2023 अप. 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और ये 21.12.2023 को पूर्वा. 10.00 बजे खोली जाएंगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगे।

कन्वीनर/चेयरपर्सन
पीआरडीएच-1239/11/45/2024/23379/88/6 दि. 13.12.23

**उत्तर रेलवे**
**ई. निविदा**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**खुली निविदा संख्या 42-अम्बाला/2023-24 दिनांक 12/12/2023**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

**क्र.सं. 1 कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ई/यूएमबी के अनुभाग में पुरानी रेलवे कॉलोनी अंबाला कैंट में मंडल रेलवे अस्पताल में 50 केएलडी क्षमता के ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) के प्रावधान का कार्य।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुमानित लागत (Rs.) | 68,75,978 | अग्रिम राशि (Rs.) | 1,37,500 |
| कार्य समाप्ति का समय | 06 महीने | निविदा खुलने की तिथि | 04.01.2024 |

**क्र.सं. 2 कार्य का नामः** एडीईएन/एसआरई के अधीन एसआरई-यूएमबी के सेक्शन में महत्वपूर्ण Br. no. 245, 1317, 219, 242, 251, 263 पर पीएफ/वॉकवे, सीढ़ियों, टो वॉल, स्टोन पिचिंग और अन्य संबंधित कार्य।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुमानित लागत (Rs.) | 1,89,77,132 | अग्रिम राशि (Rs.) | 2,44,900 |
| कार्य समाप्ति का समय | 10 महीने | निविदा खुलने की तिथि | 04.01.2024 |

**क्र.सं. 3 कार्य का नामः** SSE/W/RPAR के अनुभाग में GANL-BARJ के बीच (11 संख्या, प्रकार-II-Qtrs) गैंग नं. 9 स्टाफ क्वॉटरों के प्रतिस्थापन से संबंधित कार्य।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुमानित लागत (Rs.) | 2,20,88,426 | अग्रिम राशि (Rs.) | 2,60,500 |
| कार्य समाप्ति का समय | 12 महीने | निविदा खुलने की तिथि | 04.01.2024 |

नोटः 1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4 ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3918/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**दीक्षांत समारोह अधिसूचना** (विज्ञा. पीआर सं.-26 ऑफ 2023)

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडोटोरियम में 26 दिसम्बर 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे किया जाएगा। इसके लिये अनिवार्य रिहर्सल 25 दिसम्बर 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे होगी। भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे।

सभी पीएच.डी. स्कॉलर्स/मैडल प्राप्तकर्ता जिन्हें डिग्रियां और रिसर्च मैडल्स प्राप्त करने हेतु दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण प्राप्त हो चुका है, वे रिहर्सल हेतु 25.12.2023 को ठीक पूर्वा. 10.00 बजे अवश्य उपस्थित हों और रिपोर्ट करें। जिसमें विफल रहने पर उनको दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित "ड्रेस कोड" में दीक्षांत समारोह में उपस्थित होना होगा। सभी विवरण हेतु (ड्रेस कोड, आमंत्रित विद्यार्थियों की सूची इत्यादि) विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdu.ac.in पर पधारें।

पीआरडीएच-1235/11/113/2024/23365/88/6 दि. 13.12.23 रजिस्ट्रार

**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश पुत्र श्री महेन्द्र पुत्र श्री भरतु निवासी ईस्माईला-9बी तहसील सांपला जिला रोहतक हरियाणा से मुबलिग 10,000/- (दस हजार रूपये)+ तलबाना फीस माननीय सम्बन्धित न्यायालय/कलैक्टर महोदय, रोहतक के आदेश से वसूल किये जाने थे, लेकिन उक्त बाकीदार द्वारा उक्त बकाया राशि जमा नहीं करवाई है। इसलिए उक्त राशि की वसूली बाकीदार की भूमि जो कि गांव ईस्माईला-9बी में स्थित है, को निलाम करके की जानी है। जिसकी जमाबन्दी साल 2022-23 में खेवट नंबर 561 पर 1/4 भाग बकदर रकबा 9 कनाल 3 मरले, खेवट नंबर 570 पर 1/72 भाग रकबा बकदर 2 मरले व खेवट नंबर 571 पर 1/36 भाग रकबा बकदर 1 कनाल 3 मरले तीनों खेवटों का कुल रकबा 10 कनाल 18 मरले का बाकीदार श्री राजेश पुत्र श्री महेन्द्र पुत्र श्री भरतु हिस्सेदार मालिक मौजा ईस्माईला-9बी में है। जमीन की निलामी करके उक्त बकाया राशि व निलामी पर आने वाला सरकारी खर्च बाकीदार से वसूल किया जायेगा। जिसकी प्रस्तावित निलामी दिनांक 15.01.2024 को मौके पर गांव के सार्वजनिक स्थल पर प्रातः 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी की देखरेख में की जायेगी। उक्त भूमि का मुआयना किसी भी कार्यदिवस पर किया जा सकता है। निलामी की शर्तें मौके पर सुनाई जायेंगी।

हस्ता/-तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर,
द्वितीय श्रेणी, सांपला
पीआरडीएच-1029/11/388/2024/23364/88/6 दि.13.12.23

**कार्यालय जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, भिवानी**

**निविदा सूचना**

जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह 22 से 23 दिसम्बर 2023 तक किरोड़ीमल पार्क भिवानी में मनाया जा रहा है। इसके लिए निम्नलिखित वस्तुओं व सेवाओं के लिए कुटेशनें आमंत्रित की जाती है।

1. टैंट सर्विस वाटर प्रूफ व सामान्य दोनों के रेट्स, कुर्सियां, सोफा सेट, सैंटर टेबल, टेबल, स्टॉल, कारपेट, पर्दे, कालीन, स्पीच स्टैण्ड, प्रवेश द्वार, पण्डाल को चुन्नियों से कवर करना। (प्रतिदिन के हिसाब से)
2 लाइट, साउंड सिस्टम व जनरेटर (62 केवी) वायरिंग व डीजल साथ में।
3. होर्डिंग्स, पम्पलेट, बैनर, गेट, निमंत्रण कार्ड व प्रशस्ति पत्र।
4. वॉल एलईडी बैक ड्राप के लिए (08 बाई 10)-1
5. वीडियोग्राफी/फोटोग्राफीः एचडी वीडियोग्राफी, एडिटिंग सहित व प्रतिदिन की 100 फोटो की एक एलबम सहित।
6. गीता पुस्तक एवं अन्य पुस्तकें।
7 खाद्य सामग्री (चाय कॉफी आदि)।
8. गैंदे की पत्ती, हरि पत्ती, गैंदे की फूल मालाएं, हरे पत्ते की फूल मालाएं, गुलाब की पत्ती, बुके व स्टेज सजावट सामग्री आदि, फूल प्रति कि.ग्रा.की दर से।
9. हवन सामग्री

**नोट**-क्रमांक 1 से 9 तक के लिए इच्छुक फर्मे अपनी निविदाएं/कुटेशन बंद लिफाफे में डी.आई.पी.आर.ओ भिवानी के नाम से दिनांक 18.12.2023 को दोपहर 11 बजे तक जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कार्यालय कमरा नं 7 में भिजवाना सुनिश्चित करें। निविदाएं व कूटेशन नगराधीश, भिवानी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सदस्यों के समक्ष व फर्म सदस्यों की उपस्थिति में 19.12.2023 को दोपहर 3 बजे नगराधीश, भिवानी के कार्यालय में खोली जाएंगी। वस्तुओं की मात्रा में कमी या बढ़ौतरी की जा सकती है। क्रमांक एक से चार के लिए इच्छुक फर्म को कूटेशन के साथ 10 हजार रूपये नगद जमा करवाने होंगे। फर्म को टेंडर न छूटने पर मौके पर ही 10 हजार रूपये वापिस कर दिए जाएंगे। जिस फर्म को टैंडर छूटने पर कार्य करने से मना करने पर उनकी 10 हजार रूपये की राशि का वापिस भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, भिवानी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

हस्ता/-
डीआईपीआरओ, भिवानी।

**MUNICIPAL COMMITTEE, SAMPLA**
Beri Road near Tehsil complex, Sampla (Rohtak)
E-mail:sec.sampla@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए नोटिफिकेशन नंबर 9/24/2022-4C-II दिनांक 15.07.2023 द्वारा The Haryana Municipal Advertisement Bye-Laws, 2022 की पॉलिसी बनाई गई है, जिसके तहत नगर पालिका सांपला द्वारा ई-निविदा आनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

| Sr. no. | Description | Start Date & Time | End Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Submission EMD Amount | 15.12.2023 at 09:00 AM | 21.12.2023 Till 05:00 PM |
| 2. | E-Auction Live (Online) | 21.12.2023 at 05:00 PM | 22.12.2023 Till 05:00 PM |

विज्ञापन हेतू नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी, जो भी व्यक्ति विज्ञापन हेतू यूनिपोल/होर्डिंग की नीलामी में भाग लेने का इच्छुक हों, वह निश्चित तिथि व समय पर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से मौके का लाभ उठाएं।

हस्ता/-सचिव, नगर पालिका, सांपला
पीआरडीएच-1078/11/410/2024/23377/88/6 दि. 13.12.23

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा**
**खुली निविदा संख्या 43-अम्बाला/2023-24 दिनांक 13.12.2023**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता शिमला के अधीन KLK-SML खंड पर पुल संख्या 800 के लिए नींव, एबटमेंट और सुरक्षा कार्य प्रदान करना। | 2,48,83,297 | 2,74,400 | 04 महीने | 04.01.2024 |

नोटः- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3925/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

**हिसार।** अदालत ने 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने के दोषी पवन को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 1 लाख 5 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। छात्रा ने बताया था कि पवन उर्फ सन्नी काफी दिनों से मुझे डरा-धमका रहा था। मैं 16 जून को घर में अकेली थी। तब पवन ने धमकी दी कि आज रात मेरे घर पर मिलने नहीं आई तो तेरे पापा व भाई को मार दूंगा। मैं धमकी से डरकर रात को 12 बजे उसके घर चली गई थी। फिर उसने दुष्कर्म किया। महिला थाना पुलिस ने नामजद के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### गडकरी ने उद्यमी को पुरस्कार प्रदान किया

**चंडीगढ़।** क्रैक एकेडमी के सीईओ नीरज कंसल के एकेडेमिक कोचिंग को जमीनी स्तर तक ले जाने और जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने के मिशन ने उन्हें नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल इंडियन कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स जीआईसीए समारोह में जीआईसीए एजुकेशनल लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करवाया है। क्रैक एकेडमी का मुख्यालय चंडीगढ़ राजधानी क्षेत्र में स्थित है । केंद्रीय परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनजीओ 'आई एम स्टिल ह्यूमन' (आईएएसएच) के सहयोग से शौर्य इंडिया द्वारा आयोजित एक समारोह में नीरज कंसल ने प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले दो को उम्रकैद

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने बालिका से दुष्कर्म करने व उसके गर्भवती होने के मामले में सुनवाई करने बाद दो आरोपियों को दोषी करार दिया। दोनों को 6 पॉक्सो एक्ट में उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर 50-50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं।

### कार नहर में गिरी, युवक की मौत, दूसरा लापता

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई के पास तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर सीएलसी नहर में गिरने से युवक की मौत हो गई। हादसे में कार चालक बचकर बाहर निकल आया और उनका तीसरा साथी लापता है। परिजन व पुलिस लापता युवक की नहर में तलाश कर रहे है। वहीं बचकर निकले युवक को देर रात नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## लोस में सुरक्षा चूक मामला : हिसार पीजी में रहकर कर रही थी एचसीएस की तैयारी

# किसान आंदोलन में भी सक्रिय थी संसद पर हंगामा करने वाली नीलम

- सांसदों पर नारे लगाने वाली लड़की जींद के गांव घासो खुर्द की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/हिसार

**खास बात**
- माओवाद से जुड़ाव के संकेत
- नीलम से जुड़े तथ्य खंगाल रही एजेंसियां
- 25 नवंबर को घर जाने की बात कहकर गई थी पीजी से


किसानों के धरने पर बैठी नीलम। (फाइल फोटो)

लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में पकड़ी गई नीलम जींद जिले के उचाना के गांव घासो खुर्द की रहने वाली है। नीलम इस समय हरियाणा सिविल सविर्सेज की तैयारी के लिए हिसार के पीजी में रह रही थी। गत 25 नवंबर को घर से पीजी के लिए निकली थी। नीलम की मां सरस्वती ने बताया कि उसकी बेटी के साथ सुबह बात हुई थी। नीलम कह रही थी कि ध्यान से दवा लेकर आ जाना। उन्हें नहीं पता था कि वह दिल्ली गई हुई है। उन्हें नहीं पता किस तरह से उसने यह कदम उठाया। नीलम के परिजनों का कहना है कि वह बीए, एमए एम फिल, नेट क्वालीफाइड, सीटेट, एचटेट क्वालीफाई है। फिलहाल हिसार के पीजी में रह कर तैयारी कर रही थी। किसान आंदोलन में भी वह काफी सक्रिय रही। नीलम बेरोजगारी, छात्राओं के साथ नाइंसाफी के खिलाफ रही है। ग्रामीणों ने नीलम की हरकत पर हैरानी जताई है। 33 वर्षीय नीलम अविवाहित है। उसका बड़ा भाई कुलदीप भूना में मिठाई की दुकान चलाता है और परिवार समेत वहीं पर रह रहा है। जबकि छोटा भाई रामनिवास उर्फ निवासा उचाना में अपने पिता के साथ मिठाई की दुकान पर हाथ बंटाता है। हिसार पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है, जिससे पता चले कि नीलम की गतिविधि संदिग्ध लगे लेकिन इतना अवश्य है कि वह किसान व छात्र आंदोलन में अवश्य सक्रिय रहती थी। ऐसे में उसने यह कदम बेरोजगारी के चलते उठाया या कोई और कारण था, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### बच्चों को पढ़ाने लगी तो लोगों ने किया ऐतराज

पता चला है कि नीलम गांव में लाइब्रेरी चला रही थी और बच्चों को पढ़ाती थी लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस पर ऐतराज जताया था। इसके बाद नीलम ने बच्चों को पढ़ाना बंद कर दिया था और खुद पढ़ने के लिए हिसार आ गई।

### पीजीआई के बाहर जुटी भीड़

बताया जा रहा है कि नीलम हिसार के रामपुरा मोहल्ला स्थित श्री बाला जी गर्ल्ज पीजी में रहती थी। पीजी संचालक का कहना है कि नीलम यहां रहकर पढ़ाई करती थी लेकिन उसकी इस तरह की कोई बात सामने नहीं आई थी। नीलम यहां से 25 नवंबर को घर जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद उन्हें कुछ पता नहीं है। मामला उछलने के बाद से श्री बाला जी गर्ल्ज पीजी के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### खुफिया एजेंसियां आई हरकत में

नीलम के संसद भवन में पकड़े जाने के बाद खूफिया एजेंसियां हरकत में आ गई। गांव में पहुंच कर नीलम से संबंधित जानकारियां जुटाई। उन्होंने ग्रामीणों तथा परिजनों से भी नीलम के बारे में गहनता से जानकारी ली। किसान संगठनों के अलावा प्रगतीशील संगठन तथा केवाईएस संगठन से भी जुडाव की बात सामने आई है। साथ ही एजेंसिया नीलम के अतीत तथा वर्तमान में किन-किन लोगों के संर्पक मे थी। इशारा मिल रहा है कि वह माओवाद से जुड़ाव की तरफ है। फिलहाल एजेंसियां नीलम से जुडे तथ्यों को खंगाल रही है।

### क्वालीफाइड है नीलम

अब तक की जांच में जो पता चला है, उसके अनुसार नीलम मूल रूप से जींद जिले के घासो खुर्द गांव की रहने वाली है। वह किसान आंदोलन से लेकर दूसरे धरने और प्रदर्शनों में एक्टिव रहती थी। उसने बीए, एमए एम फिल, नेट क्वालीफाइड, सीटेट, एचटेट क्वालीफाई किया हुआ है। नीलम के पिता कोहर सिंह उचाना मंडी में हलवाई है और उसके परिवार में तीन बहनें, दो भाई व माता-पिता हैं। उनके चाचा गांव में किरयाणा की दुकान चलाते हैं।

### जींद एसपी बोले, जानकारी में नहीं मामला

जींद के एसपी सुमित कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नही है। ना ही ऐसे कोई दिशा-निर्देश मिले हैं। अगर कुछ मांगा जाता है तो जानकारियां साझा की जा सकती है। तथ्यों को उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

# नकली शराब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 6 काबू


रेवाड़ी। पुलिस की ओर से पकड़ा गया नकली सामान बनाने का सामान।

- पकड़े गए आरोपियों में दो शराब ठेकेदार भी शामिल
- गुरुग्राम से राजस्थान तक जुड़े गिरोह के तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने नकली शराब बनाकर उसे असली का रूप देकर बाजार में उतारने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक टाटा गाड़ी से नकली सामान बनाने की फैक्ट्री के यंत्र, भारी मात्रा में एल्कोहल, शराब की खाली व भरी बोतलें और बोतल पैक करने का सामान भी बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो शराब ठेकेदार व एक दलाल भी शामिल है। आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने बंद बॉडी की एक टाटा गाड़ी को साबी नदी पुल के पास रुकवा लिया। उसमें ज्वलनशील पदार्थ एल्कोहल होने की आशंका से पुलिस ने गाड़ी को मैदान में ले जाकर एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम को मौके पर बुला लिया। गाड़ी में बड़ी संख्या में शराब बनाने और पैक करने का सामान भरा हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ओल्ड मोंक रम के हजारों रैपर, देसी शराब के लगभग 14 हजार खाली पव्वे 64 हजार होलोग्राम, शराब की सैकड़ों गत्ते की पेटियां, 14 खाली ड्रम, 306 पेटी नकली शराब और शराब बनाने के बाद पैक करने की मशीनें भी बरामद की हैं।

### मानेसर था ठिकाना

पुलिस ने गाड़ी चालक कसोला निवासी पवन, यूपी के कटड़ा निवासी अजय और अर्जुन को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ के बाद गुरूग्राम निवासी शराब ठेकेदार संजय और सोनू तथा मध्यस्थ की भूमिका अदा करने वाले नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह गुरूग्राम के मानेसर में नकली शराब तैयार करते थे। इसके बाद उसे बोतलों में पैक करते हुए रैपर लगाने के बाद असली शराब की जगह मार्केट में सप्लाई करते रहे हैं।

# पिस्तौल के बल पर व्यापारी को लूटने का प्रयास, आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

कटला बाजार में एक व्यापारी को हथियारबंद युवकों ने लूटने का प्रयास किया। दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को पिस्तौल के साथ काबू कर लिया, जबकि दो अन्य फरार होने में कामयाब हो गया। काबू किए गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। उसकी पहचान सोनीपत के खरखौदा अरजी पुत्र रणजीत के रूप में हुई। पुलिस उसके दो अन्य साथियों की तलाश कर रही है।


गंज बाजार में किरयाणा की होलसेल की दुकान चलाने वाला निरंजनलाल पैदल कटला बाजार में विनय कुमार, नीरज कुमार फर्म पर रिकवरी करने के लिए गया था। वहां से पैसे लेने के बाद जब वह वापस जा रहा था, तो तीन युवकों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। उनमें से एक लड़के ने पिस्तौल तानकर कहा कि वह बैग से नकदी निकालकर उसे दे, नहीं तो वह गोली मार देगा। व्यापारी ने बैग को मजबूती के साथ पकड़कर शोर मचा दिया। इसी दौरान आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंच गए। दो युवक मौका पाकर फरार हो गए, जबकि एक ठोकर लगने के बाद जमीन पर गिर गया। उसे दुकानदारों ने पकड़कर धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे पांच लाख रुपये

- तीन आरोपियों के के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक युवती को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर पांच लाख रुपये ठगने के आरोप में एक महिला सहित तीन युवकों को नामजद किया है। मायापुरी कॉलोनी कैथल की ज्योति ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह अपनी पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाना चाहती थी। इसके लिए उसने चंडीगढ़ के नेंसी श्रुति वर्ल्ड विजा एडवाइजर के नंबर पर बातचीत की। छह फरवरी को आरोपियों ने उसे अपने कार्यालय में चंडीगढ़ में बुलाया। वहां वह नेंसी श्रुति से मिली और उसने उसको मलिका नाम की एजेंट से मिलवाया। मलिका ने उसे कहा कि पढ़ाई का गैप है और इसका डिप्लोमा बनवाना पड़ेगा। मलिका ने इसके लिए रुपये मांगे तो उसके पिता ने मलिका की कंपनी के मालिक कुशपाल के खाते में रुपये डलवा लिए। मलिका ने ऑस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा लगवाने की गारंटी ली। मलिका, कुशलपाल व उनकी सहयोगी अमनप्रीत ने उनसे अलग-अलग समय में लाखों रुपये ले लिए लेकिन उसे ऑस्टेलिया नहीं भेजा।

## गीता जयंती समारोह...


कुरुक्षेत्र। गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सजे ब्रह्मसरोवर तट का विहंगम दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# एफडीए को मिले 17 डीसीओ, विज ने सौंपे जिले

- आवेदकों ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एफडीए (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) हरियाणा को जल्द ही 17 डीसीओ (दवा नियंत्रक अधिकारी) मिलने जा रहे हैं। इन डीसीओ की जिलों में तैनाती को लेकर प्रदेश के सेहत मंत्री अनिल विज ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि एफडीए हरियाणा राज्य में लंबे समय से डीसीओ की कमी से जूझ रहा था। अब राज्य के स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज द्वारा फील्ड की तैनाती को हरी झंडी मिल गई है।

गौरतलब है कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय में 4 डीसीओ की वेकेंसी निकली थी। सत्ता परिवर्तन के बाद 22 डीसीओ की वेकेंसी और निकाली गई। इनकी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद तैनाती नहीं की गई। अपनी तैनाती की बाट देख रहे आवेदकों को हाईकोर्ट ने रोके रखा। तैनाती न होते देखकर आखिर इन आवेदकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### कंडीशनल ज्वाइनिंग की शर्त रखी

सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने कंडीशनल ज्वाइनिंग की शर्त रखी। कोर्ट का फैसला आने तक कंडीशनल ज्वाइनिंग के मध्यनजर 26 आवेदकों को ज्वाइन करने के लिए बुलाया गया। ज्वाइनिंग का संदेश मिलते ही धीरे-धीरे करके 14 डीसीओ की ट्रेनिंग शुरू हुई। इस बीच चार और सफल आवेदकों ने ट्रेनिंग ज्वाइन कर ली। इस तरह कुल 18 आवेदकों की ट्रेनिंग पूरी कर ली गई।

### सेहत मंत्री ने लगाई मुहर

ट्रेनिंग पूरी होने के बाद 5 डीसीओ ने ज्वाइन कर लिया। इनकी ट्रेनिंग अभी जारी है। बीते दिवस 12 दिसंबर को 17 डीसीओ को स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इन डीसीओ के जिलों के आबंटन पर सहमति प्रदान कर दी है।

### इनकी तैनाती हुई

गुरुग्राम जिले में सुरेश कुमार और मुकेश कुमार, जींद जिले में रूबी शर्मा को डीसीओ लगाया गया है। इनके अलावा, अजय को हिसार का एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। सिरसा में सुनील कुमार, झज्जर में प्रतिभा को चार्ज सौंपा है। नारनौल में प्रशांत को एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। इसी तरह, चरखी दादरी में तरूण और सिंरसा में केशव वशिष्ठ को डीसीओ लगाया गया है। जींद में गीता और यमुनानगर में बिंदु धीमान को जिम्मेवारी मिली है। कैथल में चेतन वर्मा को एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। करनाल जिले में विकास को एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। इनके अलावा, फरीदाबाद में प्रवीण राठी डीसीओ बने हैं। भिवानी जिले में सुरेंद्र कुमार को एडिशनल चार्ज मिला है। कुरुक्षेत्र के लिए गुलशन कुमार को एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। वहीं, फतेहाबाद में धीरज खटक ने डीसीओ का चार्ज संभाला है।

# विस सत्र कल से, सुरक्षा की होगी समीक्षा

- चप्पे-चप्पे पर रहेगा कड़ी सुरक्षा का पहरा, स्पीकर करेंगे सुरक्षा की एक बार फिर से समीक्षा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इस बारे में शुक्रवार से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र को लेकर सुरक्षा की समीक्षा को लेकर एक बार फिर से सुरक्षा को लेकर गहन चिंतन-मंथन होगा।

हालांकि विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता एक दिन पहले सुरक्षा अफसरों के साथ बैठक कर चुके थे लेकिन लोकसभा घटनाक्रम के बाद एक बार फिर बृहस्पतिवार को सुरक्षा को लेकर अहम बैठक होगी। हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को हुई लोकसभा में घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई है। गुप्ता ने कहा कि लोकसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है, मंदिर की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। गुप्ता ने कहा कि हाई लेवल और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, साथ ही इसके पीछे मकसद और साजिश का खुलासा होना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि इन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, इनके पीछे साजिशकर्ता कौन-कौन हैं, उनकी भी जांच पड़ताल के बाद में गिरफ्तारी और कठोर से कठोर कार्रवाई जरूरी है. विधानसभा के शीतकालीन सत्रको लेकर उन्होंने साफ कर दिया कि एक बार फिर से कड़ी सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई है। विधानसभा सुरक्षा को लेकर एक बार फिर रिव्यू बैठक करने के बाद में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा का प्रबंध होगा, इतना ही नहीं अंदर जाने वाले एक-एक व्यक्ति की पूरी जांच पड़ताल की जाएगी।

### सचिवालय में प्रवेश पर पैनी नजर

लोकसभा के घटनाक्रम ने एक बार फिर से सभी को चौंका दिया है। अब इसके बाद में पुलिस के आला अफसरों और विधानसभा हरियाणा पंजाब, हरियाणा पंजाब मुख्य सचिवालयों की सुरक्षा में लगे अफसरों ने प्रवेश को लेकर सख्ती करने की तैयारी कर ली है। अच्छी तरह से जांच पड़ताल के बाद में ही लोगों की एंट्री आने वाले दिनो में होगी।

### समन्वय कमेटी बनी

सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए पंजाब व हरियाणा दोनों की समन्वय कमेटी का गठन होगा। इसमें चंडीगढ़ के अफसर भी शामिल होंगे। सत्र के दौरान डयूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की जाएगी। आने वाले दिनों में विजिटर पास भी एक घंटे के लिए बनेंगे।

## चेतावनी : शीतकालीन सत्र तक इंतजार, फिर करेंगे आंदोलन

# 'लीव इन रिलेशन' पर खाप चौधरियों की भौहें तनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए खाप चौधरी।

जिला की सर्वजातिय सर्वखाप के आह्वान पर 24 से ज्यादा खापों के चौधरियों ने लिव इन रिलेशन तथा लड़कियों की शादी की उम्र 21 करने पर विरोध जताया है। उन्होंने लिव इन रिलेशन तथा शादी की उम्र ज्यादा करने से समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव तथा खराब हो रहे सामाजिक तानेबाने मे बारे में बताया। जिसके बाद खाप चौधरियों ने डीसी मोहमद इमरान रजा को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। खाप चौधरियों ने कहा कि शीतकालीन सत्र तक सरकार का इंतजार किया जाएगा। जिसके बाद खापों की पंचायत बुला कर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। लघु सचिवालय में पहुंचे खाप चौधरियों तथा सर्वखाप प्रवक्ता उमेद सिंह जागलान ने बताया कि लीव इन रिलेशन की कोई उम्र निर्धारित नही की गई है। इसमें ना समाज तथा परिवार को ईकाई माना गया है। कानून के कारण उत्पन्न संतान, उसका पालन पोषण, उत्तराधिकारी की जिम्मेवारी किसकी होगी यह स्पष्ट नही है। शादीशुदा पुरूष तथा महिला बच्चों को छोड़ रहे हैं। जिसका असर सामाजिक तानेबाने पर पड़ रहा है। परिवार बिखर रहे हैं। लीव इन रिलेशन से पैदा होने वाली संतानों से संपत्ति तथा पारिवारिक विवाद बढेंगे। इस कानून से हिंदू मैरिज एक्ट पर कुप्रभाव पडेगा। जिसके चलते लीव इन रिलेशन कानून में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले लड़की की उम्र 18 वर्ष शादी के लिए तय की गई थी। जिसे बढ़ा कर 21 वर्ष कर दिया गया है। जो कि गलत है। कुछ परिस्थितियां ऐसी होती हैं कि लड़की की शादी पहले की जा सकती है। एसे हालातों को देखते हुए शादी की उम्र में छूट देनी चाहिए। जिसके बाद खापों के चौधरी डीसी मोहमद इमरान रजा से मिले और दोनों कानूनों में बदलाव की मांग को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दाडन खाप के बलवान घासो, नरवाना खाप के राजबीर, उझाना खाप के रोहताश, बिनैण खाप के ईश्वर सिंह, कंडेला खाप के ओमप्रकाश, खेडा खाप के सतबीर, माजरा खाप के गुरविंद्र सिंह, थुआ तपा के सोमदत्त, नौगामा खाप के सुरेश बहबलपुर, दलाल खाप के होशियार सिंह समेत दो दर्जन से ज्यादा खापों के चौधरी शामिल रहे। सर्वखाप के जिला महासचिव गुरविंद्र सिंह ने कहा कि लीव इन रिलेशन से सामाजिक ताना-बाना खराब हो रहा है। बच्चों की छोड़ कर महिला तथा पुरूष अलग रह रहे हैं। जिसको कानून संरक्षण दे रहे हैं। विवाद बढ़ रहे हैं।

# विज ने राजस्व विभाग के पास भेजा विधेयक

- जिला स्तर पर डीसी की अध्यक्षता में गठित होगी कमेटी, निकायों के साथ में मिलकर होगा काम
- मंदिरों को लेकर लाए जाने वाले विधेयक का मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



सूबे में लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मुहिम से पहले पहले राज्य की मनोहर सरकार मंदिरों को लेकर नया विधेयक लाने जा रही है। जिसमें इन मंदिरों के रख-रखाव और आय आदि से लेकर सुरक्षा आदि को लेकर प्रावधान होंगे, इसके तहत जिला स्तर की कमेटी का गठन जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में होगा, जो निकायों के अफसरों के साथ समन्वय बनाकर देखरेख और जीर्णोद्धार का काम करेंगे। इस विधेयक के ड्राफ्ट को लेकर हरियाणा के गृह मंत्री विज ने रूल्स ऑफ बिजनेस का हवाला देते हुए राजस्व विभाग के पास में भेज दिया है, क्योंकि इसका गृह विभाग से कोई लेना देना नहीं है।

यहां पर बता दें कि नए साल में मिशन लोकसभा-2024 और विधानसभा चुनाव में फतेह पाने के लिए सरकार मंदिरों की सुरक्षा, आय जीर्णोद्धार, आय बढ़ाने, रख-रखाव को लेकर नया विधेयक लाने जा रही है। इसी शीतकालीन सत्र में लाने की तैयारी है। इसमें उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कमेटी का गठन होगा। इसके अलावा वहां पर भी फोकस किया जाएगा जहां पर गांवों में बीस फीसदी से कम हिंदू होंगे, वहां मंदिरों की जिम्मेदारी सरकार खुद लेगी और जिले में बोर्ड बनाकर डीसी को जिम्मेदारी दी जाएगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का काम तैयार है, ड्राफ्ट भी तैयार है। लेकिन गृह मंत्री ने इस विधेयक का अध्ययन करने के बाद में साफ कर दिया है कि इसका गृह विभाग से कोई वास्ता नहीं है, बल्कि जिला प्रशासन डीसी और नगर निकाय के अधिकारी पूरे मामले को देखेंगे। इसलिए उन्होंने इसे राजस्व विभाग को भेज दिया है। हिंदू परिवार और उनकी आबादी कम होने से मंदिरों की हालत अच्छी नहीं है। कई स्थानों पर एतिहासिक मंदिर होने के बावजूद रख रखाव नहीं है।

राज्य गृह विभाग ने विधेयक को लेकर अध्ययन के बाद में लौटा दिया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य के गांवों में हिंदुओं की आबादी कम या फिर वे पलायन कर चुके हैं। ऐसे में मंदिरों की देखरेख ढंग से नहीं हो रही।



# मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग से बाहर

**मैनचेस्टर।** बायर्न म्युनिख से 1-0 से हारकर मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग फुटबाल से प्रारंभिक दौर में ही बाहर हो गई। बायर्न के लिए किंग्स्ले कोमैन ने 70वें मिनट में गोल किया। इसके साथ ही तीन बार की यूरोपीय कप चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई। इस सत्र में सभी स्पर्धाओं में 12वीं हार के साथ ही ग्रुप ए में सबसे नीचे रही युनाइटेड ने यूरोपा लीग में स्थान भी पक्का नहीं किया। इस ग्रुप से कोपेनहेगन भी अंतिम 16 में पहुंच गई जिसने गालाटासारे को 1-0 से हराया। इस नतीजे के मायने हैं कि अगर युनाइटेड जीत भी जाती तो अगले दौर में नहीं पहुंच पाती। पूर्व मैनेजर एलेक्स फर्ग्युसन के 2013 में रिटायर होने के बाद से सात प्रयासों में तीसरी बार युनाइटेड नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी है और दूसरी बार चैंपियंस लीग ग्रुप में सबसे नीचे रही है।

## सोशिदाद ने इंटर मिलान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला



**मिलान।** रियल सोशिदाद ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में शानदार वापसी करते हुए पहली बार ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप डी में मंगलवार को सोशिदाद ने इंटर मिलान से गोलरहित ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ टीम ग्रुप डी में गोल औसत के आधार पर नेराजुरी से ऊपर शीर्ष पर रही। सोशिदाद ने अभी तक दो ही गोल गंवाए हैं और एक दशक बाद चैंपियंस लीग में वापसी करते हुए पहले सत्र में अपराजेय रही है।

## ब्रागा को हराकर नपोली नॉकआउट में

**नेपल्स।** सीरि ए खिताब बरकरार नहीं रख पाने का गम भुलाते हुए नपोली ने ब्रागा को 2-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। सेरडार सात्की के आत्मघाती गोल से नपोली ने बढ़त बना ली और विक्टर ओसिमहेन ने दूसरा गोल किया। नपोली ग्रुप सी में रियल मैड्रिड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। रिकॉर्ड 14 बार की चैंपियन मैड्रिड 18 अंक लेकर शीर्ष पर रही जिसने बर्लिन को दूसरे ग्रुप मैच में 3-2 से मात दी।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट दोनों टीम के लिए अनजानः नाइट

**नवी मुंबई।** इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच दोनों टीमों के लिए काफी हद तक अनजान है और सही मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना महत्वपूर्ण होगा। भारतीय महिला टीम ने 1995 के बाद घरेलू धरती पर और 2006 के बाद विदेशी मैदान पर कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है और वह इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दो वर्षों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

### थरंगा संभालेंगे श्रीलंकाई चयन समिति की कमान

**कोलंबो।** खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट की सिफारिशों को स्वीकार करने के



बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को राष्ट्रीय चयन समिति का नया अध्यक्ष घोषित किया। पांच सदस्यीय समिति में पूर्व खिलाड़ी अजंता मेंडिस, इंडिका डि सरम, थरंगा परनविताना और दिलरूवान परेरा भी शामिल हैं। नयी समिति दो साल के लिये काम करेगी और अभी सबसे पहले उसकी जिम्मेदारी छह से 18 जनवरी के बीच कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम का चयन करना है।

### 15 रेड स्नूकर खिताब से एक कदम दूर अमी

**चेन्नई।** मध्य प्रदेश की गत चैंपियन अमी कमानी यहां राष्ट्रीय



बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के महिला 15 रेड स्नूकर खिताब के लिए तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन से भिड़ेंगी। बुधवार को हुए सेमीफाइनल में अमी ने कर्नाटक की पिछले साल की उप विजेता कीर्तना पांडियान को 3-0 से पराजित किया। वहीं अनुपमा ने दूसरे सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल की सुनीति दमानी को इसी स्कोर से शिकस्त दी। अनुपमा अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतने की कोशिश में जुटी हैं।

### टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और अमृतराज

**नई दिल्ली।** विश्व के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा भारत के प्रसारक और प्रमोटर विजय अमृतराज अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष बन गये हैं। इन दोनों के अलावा प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक रिचर्ड इवांस को भी टेनिस के इस विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। पुरुष युगल और मिश्रित युगल में 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पेस को खिलाड़ियों के वर्ग में जबकि अमृतराज और ग्रेट ब्रिटेन के इवांस को टेनिस में योगदान देने वालों के वर्ग में चुना गया है। टेनिस खेल से जुड़े इन तीनों दिग्गज को शनिवार को न्यूपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। अभी तक 27 देश के 264 लोगों को टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया गया है।

## क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज

# श्रृंखला में बराबरी करने भारत को करना होगा उलटफेर, मैच आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को तीसरा टी20 मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी के लिए भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिए सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है। दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिए जूझते नजर आए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली। जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था। लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखला में 4-1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई। अर्शदीप ने बेंगलुरु में पांचवें टी20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिए और उसे चार ही विकेट मिले।



### युवाओं के पासे सिर्फ चार मैच बाकी

टी20 विश्व कप से पहले भारत को अब सिर्फ चार टी20 मैच खेलने हैं और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं हैं। एक साल और चार महीने बाद टी20 मैच खेलने वाले रविंद्र जडेजा भी प्रभावित नहीं कर सके। रिंकू सिंह ने इस प्रारूप में पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और अर्धशतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी। भारत को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### आज से भारतीय महिला टीम का टेस्ट



**नवी मुंबई।** टी20 श्रृंखला में औसत प्रदर्शन के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए गुरुवार को उतरेगी तो अपने अनुभवी स्पिन आक्रमण के दम पर उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच 1986 से अब तक खेले गए 14 टेस्ट में से भारत ने सिर्फ एक गंवाया है। पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रही हरमनप्रीत इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट जून 2021 में ब्रिस्टल में खेला गया था जो ड्रॉ रहा था। स्मृति मंधाना ने पहली पारी में 78 रन बनाए थे और शेफाली वर्मा ने 96 तथा 63 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम को दस दिन के भीतर दो टेस्ट खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद 21 से 24 दिसंबर के बीच भारतीय टीम वानखेड़े स्टेडियम पर आस्ट्रेलिया से खेलेगी।

### लियोन की नजरें 500वें विकेट पर



**पर्थ।** आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में आफ स्पिनर नाथन लियोन की नजरें 500वें टेस्ट विकेट पर लगी होंगी। आस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाज लियोन के 496 विकेट हो चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों में सिर्फ शेन वॉर्न (708) और ग्लेन मैकग्रा (563) हैं। लियोन ने पर्थ में तीन टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं। पाकिस्तानी टीम आस्ट्रेलिया में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। दोनों टीमों के बीच आस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों में से आस्ट्रेलिया ने 26 और पाकिस्तान ने चार जीते हैं जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। दोनों टीमों की आखिरी टक्कर 2022 में पाकिस्तान में हुई थी जब आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती थी।

## विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के सामने जर्मनी की मजबूत चुनौती



**कुआलालंपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में गुरुवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया। हाफटाइम तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत ने जीत दर्ज की। कप्तान उत्तम सिंह ने आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले विजयी गोल दागा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल ने मैच में दो गोल किए। कप्तान उत्तम ने कहा, 'हमें दबाव में खेलने की आदत हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या जोहोर कप में कांस्य पदक का मुकाबला, हमने दबाव में ही खेलकर जीत दर्ज की है। हमने इस पर काम किया है और इस कौशल को निखारा है। इस टीम के पांच खिलाड़ी पहले भी जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं और यह अनुभव काम आ रहा है।'

# 'हार के दर्द से उबरना बहुत मुश्किल था...'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप में मिली हार पर पहली बार खुलकर बात की। वनडे वर्ल्ड कप में हार के बाद रोहित शर्मा को पता नहीं था कि उस हार की निराशा से वह कभी उबर सकेंगे या नहीं, लेकिन अब फैन्स के प्यार ने उन्हें एक बार फिर टॉप पर पहुंचने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है। रोहित ने यह नहीं बताया कि वह किस टॉप की बात कर रहे हैं, लेकिन समझा जाता है कि वह अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी के बारे में सोच रहे हैं।

फाइनल तक रोहित के लिए बतौर बल्लेबाज और कप्तान वर्ल्ड कप का सफर शानदार रहा, लेकिन 19 नवंबर को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया। फाइनल की हार के बाद रोहित मैदान से निकले तो उनकी आंखें भरी हुई थी। वह इस दर्द को भुलाने के लिए ब्रेक पर इंग्लैंड चले गए थे। रोहित ने इंस्टाग्राम पर अपने फैन पेज पर लिखा, 'पहले कुछ दिन तो मुझे समझ ही नहीं आया कि इससे कैसे उबरुंगा। मेरे परिवार और दोस्तों ने मेरा हौसला बनाए रखा। हार को पचाना आसान नहीं था, लेकिन जिंदगी चलती रहती है और आगे बढ़ना आसान नहीं था। लोग मेरे पास आकर कहते थे कि उन्हें टीम पर गर्व है।

# चेतेश्वर पुजारा ने किया ससेक्स से अनुबंध



एजेंसी ▶▶| होव

दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 2024 के काउंटी सत्र के लिए इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब ससेक्स के साथ फिर से अनुबंध किया है। पुजारा लगातार तीसरे सत्र में इस क्लब के लिए खेलेंगे। वह पहली बार 2022 में ससेक्स से जुड़े थे। यह स्टार बल्लेबाज 2024 के सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के पहले सात मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। पुजारा ने फिर से ससेक्स जुड़ने के बारे में कहा, 'मैंने पिछले दो सत्र में होव में बिताए गए समय का पूरा लुत्फ उठाया और मैं बेहद खुश हूं कि मैं फिर से ससेक्स परिवार से जुड़ रहा हूं। मैं टीम से जुड़ने और उसकी सफलता में योगदान देने को लेकर उत्साहित हूं।' ससेक्स की तरफ से पुजारा का प्रदर्शन शानदार रहा है।

# टी20 रैंकिंग : सूर्यकुमार शीर्ष पर मजबूत, रिजवान से 78 अंक आगे

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गक्बेरहा में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जड़े अर्धशतक की बदौलत आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

सूर्यकुमार ने महज 36 गेंद में 56 बनाए जिससे उन्हें 10 रेटिंग अंक प्राप्त हुए। हालांकि भारतीय टीम इस रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार गई। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हो गए हैं जिससे वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787 अंक) और दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम (758 अंक) से काफी आगे हैं। सूर्यकुमार ने शीर्ष रैंकिंग पिछले साल के अंत में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान हासिल की थी और ऐसा



लगता है कि वह अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्वकप तक इस स्थान पर कब्जा बनाए रखेंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शुरू होने में अब छह महीने से भी कम समय रह गया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि तिलक वर्मा (10 पायदान ऊपर 55वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (46 पायदान ऊपर 59वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ।

### बिश्नोई को होगा नुकसान

हाल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक गेंदबाज बने रवि बिश्नोई अभी तक दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अंतिम एकादश में नहीं चुने गए हैं तो इससे अफगानिस्तान के राशिद खान का गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता खुल गया है। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी दो पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव पांच पायदान के फायदे से 32वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।


## बैडमिंटन खिलाड़ी को कमरे के लिए भी चार घंटे तक करना पड़ा इंतजार

# जापानी विश्व चैंपियन नोजोमी से कैब ड्राइवर ने 10 गुना वसूला किराया, बीएआई ने कहा- दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

28 वर्ष की ओकुहारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फैंसनेट डॉट जेपी पर लिखा कि दिल्ली हवाई हड्डे पर एक कैब ड्राइवर ने उन्हें परेशान किया और उबर से 10 गुना अधिक किराया वसूला। ओडिशा ओपन के लिए सोमवार को कटक पहुंचने पर उन्हें आधिकारिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। ओकुहारा ने लिखा कि होटल में चेकइन के लिए उन्हें चार घंटे इंतजार करना पड़ा और अभ्यास सत्र के लिए सुबह आठ बजे भी उन्हें बस या कार नहीं मिली थी। भारतीय बैडमिंटन संघ महासचिव संजय मिश्रा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'मैं समझ सकता हूं कि ओकुहारा पर क्या गुजरी होगी लेकिन हमें उनकी ओर से होटल या परिवहन को लेकर कोई ईमेल नहीं मिला। यह तकनीकी मसला है और संवादहीनता के कारण हुआ। हमें कोई सूचना नहीं थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन जब मुझे पता चला तो मैने आयोजकों से बात की और पूरी मदद की गई। वह बड़ी खिलाड़ी है और हमारी मेहमान है। आइंदा से इस तरह की घटना नहीं होगी।'



*प्रणय और सिंधू ने की मदद : ओकुहारा के भारतीय दोस्तों बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय और पी वी सिंधू ने स्थानीय सदस्यों से बात करके उनके लिए होटल की व्यवस्था की। प्रणय ने अभ्यास के लिए पहुंचने के लिए उन्हें कार उपलब्ध कराई।*

### होटल नहीं कराया था बुक

आयोजन सचिव निलीन कुमार ने कहा कि उन्होंने होटल में ओकुहारा से मुलाकात की और बीएआई संयुक्त सचिव प्रभाकर राव भी वहां थे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने बीडब्लूएफ फॉर्म पर होटल के लिए अनुरोध भेजे थे लेकिन ओकुहारा ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं भेजा। इसलिए उनके लिए कमरा बुक नहीं किया गया। बाकी 30 देशों से आए खिलाड़ियों को कोई दिक्कत नहीं हुई और आधिकारिक होटल में नहीं रूकने पर शटल बस नहीं मिलती है। अगर आप आधिकारिक होटल में रूकते हैं तो ही शटल बस मिलती है। आयोजकों के लिए शहर भर के होटलों से खिलाड़ियों को पहुंचाना संभव नहीं है।'

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सुचना संख्या-ETrU-T-13-2023-24-02

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

**क्र.सं.** : 1, **निविदा संख्या:** ETrU-T-13-2023-24-02, **कार्य का विवरण:** अंबाला डिवीजन में ओएचई को मजबूत करने के लिए स्विचिंग पोस्टों पर अर्थिंग स्टेशन (दफन रेल), 105 वर्ग मिमी जंपर के स्थान पर 160 वर्ग मिमी जंपर और खराब कैंटिलीवर के स्थान पर नए कैंटिलीवर का प्रावधान हेतु कार्य। **निविदा बंद/खुलने की तिथि:** 03.01.2024, **लगभग लागत:** ₹ 5,37,08,258.02/-, **धरोहर राशि:** ₹ 4,18,600/-, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने, **वैधता अवधि:** 45 दिन, **टेण्डर फार्म की कीमत:** Downloading from IREPS portal-NIL, (₹ 10,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए।

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास–III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4.कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".** 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें। **संख्या:–ETrU-T-13-2023-24-02 दिनांक:** 11.12.2023 **3900/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला

संसद में बुधवार को जो हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 2001 में जब संसद पर आतंकी हमला हुआ था, उस दिन भी हमलावर आतंकी संसद के अंदर नहीं पहुंच पाए थे, उन्हें बाहर ही मार गिराया गया था, पर आज आरोपी न केवल संसद के अंदर में घुसे, बल्कि निम्न सदन के अंदर पीले धुएं वाला स्प्रे भी फैला दिया। नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही चल रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा वाले इस संसद भवन में दो लोगों का अंदर घुसना व दो लोगों का बाहर प्रदर्शन करना संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यूं तो 2001 की संसद हमले की घटना के बाद से संसद की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान अपराह्न करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से अचानक दो लोगों का सदन के भीतर कूदना, धुआं फैलाना व नारे लगाना, सुरक्षा चूक का बड़ा मामला है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है, पर आरोपी ऐसा करके जो भी संदेश देना चाहते थे, पर यह आपराधिक कृत्य है। ऐसे लोगों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कतई माफी के लायक नहीं हैं। सरकार के खिलाफ या सिस्टम के खिलाफ नाराजगी जताने का यह तरीका एकदम गलत है। लोकतंत्र में ऐसे तरीके की इजाजत नहीं है। संसद की इस सुरक्षा चूक पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए, जैसा विपक्ष कर रहा है, सरकार पर हमलावर है। राज्यसभा में विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने की मांग की है। हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संसद पर हमले की बरसी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को सांसदों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। घुसपैठियों द्वारा संसद पर हमले की बरसी का दिन चुनना आतंकी साजिश की आशंका पैदा करता है। जिस तरह से वे संसद में पहुंच गए थे, अगर कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो, क्या होता? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है, जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। आज जो आज घटना घटी है वह सरकार के लिए चिंता का विषय है। यह लोकसभा या राज्यसभा का सवाल नहीं है। सवाल है कि इतनी बड़ी सुरक्षा के बीच दो लोग कैसे घुसने में कामयाब रहे? संसद की सुरक्षा की समीक्षा होनी चाहिए। हमारे सांसद जिनको भी सदन में आने के लिए सिफारिश करते हैं, वे सतर्क रहते हुए पूरी छानबीन के बाद ही ऐसा करें। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा मामले में हम सबने देखा कि हमारे सांसद सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं। गृह मंत्रालय को संसद की सुरक्षा की त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। भविष्य में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। संसद के अंदर व बाहर किसी भी तरह के आपराधिक कृत्य अक्षम्य होना चाहिए।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# सवालों में संसद की सुरक्षा

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था। क्योंकि आज से 22 बरस पहले आतंकियां द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, कल गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना हो कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न लें। आरोपियों की बुनी साजिश के जड़ तक जाना होगा? क्या उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है, लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ है कि साजिश की तासीर बहुत कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पर लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती हैं। संसद की एक-एक ईट पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। पीला धुआं फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे, क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र के आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को धता बताकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। शुरुआती पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था, 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य सभी आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों से अभेद है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं, लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं। उनकी आशंकाओं को ध्यान में रखकर भी जांच करनी चाहिए, इसके अलावा उसी वक्त बाहर भी एक युवती-युवक ने भी तानाशाही से आजादी के नारे लगा थे उनसे भी कड़ाई से पूछताछ हो? देशवासियों में ये संदेश बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए कि जब संसद ही सुरक्षित नहीं तो वो भला कैसे सुरक्षित होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



एआई
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युवा बनाएंगे विकसित भारत की तस्वीर

इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता दिखाई देगा।

12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैश्विक साझेदारी' (जीपीएआई) पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। ऐसे में भारतीय युवाओं में शीघ्र ही एआई कम्प्यूटरिंग क्षमता को बढ़ाने का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत देशभर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का इस्तेमाल टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में युवाओं को एआई कौशल सिखाने में भी होगा। इससे देश की नई पीढ़ी स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ाते हुए मानवीय मूल्यों के साथ देश के तेज विकास के लिए आगे बढ़ेगी।

इसी तरह 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के राजभवनों में आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि यह भारत का अमृतकाल है और भारत के इतिहास का ऐसा कालखंड है जब देश की नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मुठ्ठी में लेकर लंबी छलांगें लगाते हुए 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार कर सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से 10 दिसंबर को देश के विकास पर एक परिपत्र जारी करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास, समग्र शिक्षा, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया और उच्च व तकनीकी शिक्षा के विस्तार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे भारत डिजिटल कौशल से सुसज्जित नई पीढ़ी और तेज आर्थिक विकास के दम पर 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनते हुए विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकेगा। यकीनन इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जहां देश अपने पास दुनिया की सर्वाधिक 6.5 फीसदी विकास दर रखते हुए रोजगार के नए अवसर निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय कुशल श्रमिकों, डॉक्टरों और छात्रों ने ब्रिटेन की वीजा सूची में अपनी ऊंचाई कायम रखी है। जुलाई 2022 से जून 2023 के एक वर्ष में सबसे ज्यादा



भारतीयों को ही ब्रिटेन का वीजा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 के बीच भारतीयों को स्किल्ड वर्कर्स वीजा में करीब 63 फीसदी की बढ़ोतरी सामने आई है।

इसी तरह हाल ही में प्रकाशित ब्लूमबर्ग की नई रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार ने एक लाख भारतीयों युवाओं को इजराइल में नौकरी के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। इसी तरह भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता अतिशीघ्र ही होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ताइवान ने इस परिप्रेक्ष्य में भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। इन दिनों पूरी दुनिया में अर्थविशेषज्ञ एवं जनसंख्या विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत चीन की तरह अपनी युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं नए दौर के डिजिटल कौशल से सुसज्जित कर दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है। जबकि दूसरे स्थान पर चीन की इस रिपोर्ट के मुताबिक युवा आबादी के मामले में भारत की स्थिति चीन से अच्छी है। जहां इस समय भारत की करीब 50 फीसदी आबादी 25 साल में कम उम्र की है। वहीं 25.4 करोड़ आबादी 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में है। भारत की 66 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से भारत के ये आर्थिक आधार विकसित भारत की संभावनाओं के आधार हैं। विकसित देश बनने के लिए 2047 तक लगातार 7 से 8 फीसदी की दर से बढ़ना होगा।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं' और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। *-स्वामी विवेकानंद*

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लड़के ने इनकार में सिर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है-मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तेवर पर लगाम जरूरी

कोर्ट के फैसले ने तो जम्मू कश्मीर और भारत के बीच संवैधानिक संबंध को धार देने का फैसला किया है।राष्ट्रपति के इस विशेषाधिकार फैसले को केंद्र की जीत बताई है और केंद्र ने संविधान के दायरे में रखकर कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की पीठ थपथपाई है। पाकिस्तान नैरेटिव फैलाने की कोशिश करने वाले घाटी में अनेक पत्रकार है। लिहाजा,आतंकवादी ताकतों को नाराज कर खुद को जोखिम में नही डाल सकते है। मोदी सरकार की वैधानिकता पर सुप्रीम की मोहर से कश्मीर गुलजार हो गया है। कश्मीरियों को जितनी खुशी हुई है शायद किसी को नही हुई होगी। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। संसद में दो विधेयक पेश कर पीओके की सीट नामित की गई है। 370 इस समय की कश्मीर के लिए और अवाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉन आंध्र' का होगा विस्तार

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी द्वारा संचालित अपनी तरह के पहले विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का विस्तार किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय भारतीय नृत्यों और भाषाओं में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अब विश्वविद्यालय अपने परिसर में विस्तार कर रहा है जहां एक मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय मानक का क्रिकेट स्टेडियम होगा और कृत्रिम मेधा जैसी उन्नत तकनीकों में नए पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। अमेरिकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का वर्तमान में मिलपिटास, कैलिफोर्निया में मुख्य परिसर है। वर्तमान में, यह विश्वविद्यालय छह 'मास्टर ऑफ आर्ट्स', पांच डिप्लोमा और पांच प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रदान करता है। अभी इसमें 230 छात्र हैं, जो 2017 के बाद से हुई छात्रों की संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि है। शुरुआत में इसमें 44 छात्र थे। 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' के अध्यक्ष आनंद कुचिभोटला ने हाल में एक साक्षात्कार में बताया, बहुत से लोग विश्वास नहीं कर सकते कि एक विश्वविद्यालय है जो भारतीय कला और भाषाओं में स्नातक कार्यक्रम प्रदान करता है... शुरू में, हमारे यहां केवल अमेरिका से छात्र थे, लेकिन अब यहां भारत, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और दुबई से भी छात्र हैं।




## ऑफ बीट

### सोशल मीडिया दुष्प्रचार क्या है, हर व्यक्ति इसमें फंसा

सूचना युद्ध हर ओर चल रहा है, और ऑनलाइन मौजूद हर व्यक्ति इसमें फंसा है, चाहे वह इसे जानते हों या नहीं। दुष्प्रचार जानबूझकर उत्पन्न की गई भ्रामक सामग्री है जिसे स्वार्थी या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों से फैलाया जाता है। गलत सूचना के विपरीत, जिसे अनजाने में या अच्छे इरादों के साथ साझा किया जा सकता है, गलत सूचना का उद्देश्य अविश्वास पैदा करना, संस्थानों को अस्थिर करना, अच्छे इरादों को बदनाम करना, विरोधियों को बदनाम करना और विज्ञान और पत्रकारिता जैसे ज्ञान के स्रोतों को अवैध बनाना हो सकता है। कई सरकारें दुष्प्रचार अभियानों में संलग्न हैं। उदाहरण के लिए, रूसी सरकार ने यूक्रेन विरोधी प्रचार पर ध्यान आकर्षित करने के लिए मशहूर हस्तियों की छवियों का उपयोग किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने 30 नवंबर, 2023 को चेतावनी दी कि चीन ने अपने गलत सूचना अभियान को तेज कर दिया है। दुष्प्रचार कोई नई बात नहीं है, और अमेरिका सहित कई देशों द्वारा सूचना युद्ध का इस्तेमाल किया गया है। लेकिन इंटरनेट दुष्प्रचार अभियानों को अभूतपूर्व पहुंच प्रदान करता है। विदेशी सरकारें, इंटरनेट ट्रोल, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय चरमपंथी, अवसरवादी मुनाफाखोर और यहां तक कि भुगतान वाली दुष्प्रचार एजेंसियां भी संदिग्ध सामग्री फैलाने के लिए इंटरनेट का फायदा उठाती हैं।



## ट्रेंड

### मेडिकल रिस्पांस सिस्टम तैयार



आज के भारत ने सबसे कम दामों में, सबसे उपयुक्त आपातकालीन मेडिकल रिस्पांस सिस्टम-भीष्म तैयार कर लिया है। यह एक ऐसी संकल्पना है जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में कम समय में कम कीमतों पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सक्षम है।
-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### सड़कों पर नरसंहार रोको



सड़कों पर प्रति मिनट 2 से अधिक मौतें होती हैं। हमारी सड़कों पर नरसंहार रोका जा सकता है। हम सभी देशों से सड़क सुरक्षा के केंद्र में कारों के बजाय लोगों को रखने का आह्वान करते हैं।
-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### बयान दें गृहमंत्री



आज संसद में जो सुरक्षा में चूक हुई है वह गंभीर मामला है। हम मांग करते हैं कि गृह मंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें। ये प्रश्न है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कैसे दो लोग अंदर आए और गैस छोड़ी है?
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### शक्तिशाली आर्थिक रणनीति



विकसित भारत हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक शक्तिशाली आर्थिक रणनीति है। एक विचार अर्थव्यवस्था जो तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे सामने आने वाली असंख्य चुनौतियों का समाधान करती है।
-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## संसद में सुरक्षा चूक के बाद विपक्ष का हंगामा, बोले-गृह मंत्री दें घटना पर बयान

# संसद में घुसपैठ बहुत गंभीर मामला : विपक्ष
# घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही: बिरला

**नई दिल्ली (भाषा)।** राज्यसभा में बुधवार को विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने और सदन की कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और केन के जरिये धुआं फैला दिया। दोनों को तत्काल पकड़ लिया गया। भोजनावकाश के बाद दोपहर दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को लोकसभा में सुरक्षा चूक के बारे में सूचित किया क्योंकि कुछ सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया। धनखड़ ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आज सदन की कार्यवाही समाप्त होने से पहले सदस्यों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सुरक्षा में चूक का मुद्दा उठाते हुए इसे 'बहुत गंभीर मामला' बताया। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को श्रद्धांजलि देने में विपक्षी सदस्य भी शामिल थे। उन्होंने कहा, ''हम देश की एकता और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। हमारे लोगों ने जो बलिदान दिया है, उसकी तुलना में आपने (सत्ता पक्ष ने) कुछ नहीं किया...।'' इसी दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी जिस पर धनखड़ ने उन्हें मना किया और कहा कि सदन 'नारे लगाने की जगह नहीं है'। सभापति ने कहा, ''हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

### राज्यसभा सभापति धनखड़ बोले-हर मुद्दे को राजनीतिक दंग नहीं देना चहिए



### सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए बुधवार को कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। बिरला ने लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने अपराह्न चार बजे सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बिरला ने लोकसभा में सदस्यों से कहा, ''आज जो आज घटना घटी है वह हम सबके लिए चिंता का विषय है। यह गंभीर घटना भी है। हमारे सांसदों, सुरक्षाकर्मियों, मार्शलों, चैम्बर स्टॉफ ने जिस तरह से मुस्तैदी और निडरता के साथ उनको (कूदने वालों को) दबोचा, मैं उसके लिए उन सबको बधाई देता हूं।'' उन्होंने कहा , ''आज के दिन ही 2001 में इसी तरह से हमारे केंद्रीय सुरक्षा बल, संसद सुरक्षा बल, अन्य लोगों ने उस हमले को विफल किया था। आज घटना को विफल करने के लिए हमने जो सामूहिक प्रयास किया है उसके लिए सदन को बधाई देता हूं।'

### सुरक्षा चूक ने अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था को उजागर किया

संसद में बुधवार को हुई बड़ी सुरक्षा चूक ने सुरक्षा प्रोटोकॉल में कमियों को सामने ला दिया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सुरक्षा चूक के मुद्दे पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कई नेताओं ने इस मुद्दे को उठाया। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा कक्ष में कूदने वाले दो आरोपियों मनोरंजन डी और सागर शर्मा के पास 45 मिनट की अवधि वाले आगंतुक पास थे, लेकिन वे नियमों का उल्लंघन करते हुए करीब दो घंटे तक दर्शक दीर्घा में रहे। सूत्रों के अनुसार, संसद के सुरक्षा कर्मचारी आगंतुकों को उनके वहां रुकने की समयसीमा के पूरा होते ही बाहर निकाल देते थे, लेकिन नए भवन की दीर्घाओं में उनकी तैनाती लगभग ना के बराबर थी, क्योंकि वे बदलती सुरक्षा आवश्यकताओं के बीच विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि विशेष निदेशक (सुरक्षा) से लेकर सुरक्षा सहायक ग्रेड- द्वितीय तक के पदानुक्रम में सुरक्षा अधिकारियों के स्वीकृत पदों की संख्या 301 है, जबकि कार्यरत 176 हैं और 125 पद रिक्त हैं।

## संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर आज बैठक करेंगे विपक्षी दल

- विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के बारे में भी विचार कर रहे

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल संसद की सुरक्षा में सेंध के विषय पर अपने अगले कदम पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार सुबह बैठक करेंगे। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के बारे में भी विचार कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक करेंगे। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेता सुरक्षा उल्लंघन पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में सरकार से बयान की मांग पर विचार कर रहे हैं तथा वे इस मुद्दे पर राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने पर भी विचार कर रहे हैं। विपक्ष से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि बैठक में विपक्षी दल आगे के कदम पर चर्चा करेंगे। संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन बुधवार को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन में कूद गए और 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया। घटना के कुछ देर बाद ही पीले और लाल रंग का धुआं छोड़ने वाली 'केन' लेकर संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाले एक पुरुष और एक महिला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सुरक्षा में चूक लोकतंत्र के मंदिर के लिए एक गंभीर खतरा : स्टालिन

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने



बुधवार को संसद की सुरक्षा में हुई चूक को एक गंभीर खतरा बताते हुए इस मामले में त्वरित कार्रवाई और त्वरित जांच का आग्रह किया। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, '' संसद में अभूतपूर्व सुरक्षा चूक हमारे लोकतंत्र के प्रतिष्ठित मंदिर के लिए एक गंभीर खतरा है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, '' इस मामले में बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि 2001 के हमले की



बरसी पर संसद के अंदर सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''2001 के हमले की बरसी पर आज संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है। हमारे लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हमलावर कौन थे, वे लोग कैसे अंदर आए।

## संसद ने अप्रचलित 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद ने 76 अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी और सरकार ने कहा कि यह कदम जीवन और व्यापार की सुगमता की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। राज्यसभा ने निरसन और संशोधन विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। लोकसभा ने इस साल 27 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में 65 पुराने कानूनों को खत्म करने के लिए निरसन और संशोधन विधेयक पेश किया था। लेकिन यह विधेयक विभिन्न सत्रों में चर्चा के लिए नहीं आ सका। सरकार ने बाद में सूची में 11 और कानूनों को जोड़ने के लिए संशोधन पेश किया, जिससे ऐसे कानूनों की कुल संख्या 76 हो गई। विधेयक में भूमि अधिग्रहण (खान) अधिनियम, 1885 और टेलीग्राफ वायर (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम, 1950 जैसे पुराने कानूनों को निरस्त करने का प्रस्ताव है। विधेयक में हाल में संसद द्वारा पारित कुछ विनियोग अधिनियमों को भी निरस्त करने का प्रावधान है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से नरेन्द्र मोदी सरकार ने जीवन को सुगम बनाने के लिए 1,486 निष्क्रिय कानूनों को निरस्त किया है।

## खबर संक्षेप

### घाटी के 46,631 परिवारों ने किया पलायन: राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा को सूचित किया कि केंद्र शासित प्रदेश



जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 46,631 कश्मीरी 1,57,967 व्यक्तियों वाले प्रवासी परिवार राहत संगठन, जे-के के साथ पंजीकृत हैं, जिन्हें सुरक्षा कारणों से घाटी से पलायन करना पड़ा। कई कश्मीरी प्रवासी भी चले गए हैं।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर भीषण आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लगने का



मामला सामने आया है। फायर बिग्रेड की 8 से 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। रेलवे स्टेशन के वेटिंग एरिया में टिकट आरक्षण केंद्र के ऊपर बने जन आहार कैंटीन में ये आग लगी है। रेलवे परिसर में आग से काफी नुकसान हुआ है। कैंटीन में चिमनी बनाने का काम हो रहा था।

### सीबीएसई में शिफ्ट होंगे लक्षद्वीप के स्कूल

**नई दिल्ली।** लक्षद्वीप प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में शिक्षा विभाग के तहत सभी स्कूलों को मलयालम



से सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम में बदलने का निर्णय लेकर अपनी शिक्षा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की घोषणा की है। शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी किया है।शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से सभी स्कूल ग्रेड 1 से छात्रों को प्रवेश देंगे।

### वित्त मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

## पीएमजेडीवाई के तहत 2 लाख करोड़ से अधिक रकम जमा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत नवंबर तक कुल 51.04 करोड़ बैंक अकाउंट खोले गए हैं, जिनमें 2,08,855 करोड़ रुपए की जमा राशि है। यह बात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किसनराव कराड ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कही। 22 नवंबर तक कुल 4.30 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में जीरो बैलेंस है।

### इस योजना को 2014 में किया गया था लॉन्च

पीएमजेडीवाई को वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के रूप में 28 अगस्त 2014 को लॉन्च किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक अधिकारिक बयान में कहा कि 9 साल पहले शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत 51 करोड़ बैंक खातों में अब तक 2.08 ट्रिलियन (2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की रकम जमा की जा चुकी है।

### गजेंद्र सिंह शेखावत ने दर्ज कराया केस

## मानहानी मामले में अशोक गहलोत की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन के खिलाफ दाखिल राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की एक अपील बुधवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दाखिल गहलोत की अपील खारिज करते हुए कहा कि आदेश में कोई तथ्यात्मक गलती, अवैधता या निष्कर्ष की कमी नहीं है। न्यायाधीश ने कहा, "उपरोक्त आपराधिक शिकायत में एसीएमएम (अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट) द्वारा 6 जुलाई, 2023 को पारित आदेश में कोई तथ्यात्मक गलती, अवैधता या निष्कर्ष की कमी नहीं है।" शेखावत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गहलोत ने संवाददाता सम्मेलनों, मीडिया में



- संजीवनी घोटाले से नाम जोड़कर सार्वजनिक रूप से बदनाम करने का लगाया आरोप
- सोसाइटी ने हजारों निवेशकों को लगभग 900 करोड़ रुपये का चूना लगाए जाने का है मामला

आईं खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्हें राज्य में संजीवनी घोटाले से जोड़कर सार्वजनिक रूप से बदनाम किया। यह मामला संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा हजारों निवेशकों को कथित तौर पर लगभग 900 करोड़ रुपये का चूना लगाए जाने से संबंधित है।

### भड़काऊ पोस्ट पर बॉम्बे हाईकोर्ट बोला

## अभिव्यक्ति की आजादी सत्य 'सीमा' को नहीं लांघ सकती

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती अन्यथा इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने ऑटोमोबाइल कलपुर्जा निर्माण कंपनी 'हिताची एस्टेमो फी' के एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति की व्यवस्था बरकरार रखते हुए यह बात कही।दरअसल, कर्मचारी ने कंपनी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक'पर दो भड़काऊ पोस्ट किए थे, जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद कर्मचारी ने श्रम अदालत का रुख किया था, जहां से बर्खास्तगी को रद्द करने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश को कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति जाधव ने आदेश में कहा कि ये पोस्ट नफरत भड़काने के स्पष्ट इरादे से कंपनी के खिलाफ किए गए थे और ये लोगों को उकसाने वाले थे। ऐसे कारनामों के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिए जाने की जरूरत है।

### आज मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस'

**नई दिल्ली।** हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' मनाया जाता है। इसका आयोजन ऊर्जा मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो करता है। इस ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था। इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह में भाग लेंगी। वे जनसमूह को संबोधित करेंगी और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार , राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवोन्मेषण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## सिलक्यारा सुरंग के ढहने के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने उत्तराखंड में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के ढहने के कारणों की जांच करने और सुरंग ढहने या सुरंग निर्माण के मामले में मानक संचालन



प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करने के मकसद से एसओपी संबंधी सिफारिशें देने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। बुधवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गई। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हिमालयी परियोजनाओं सहित राजमार्ग परियोजनाओं के नियामक ढांचे में सुरक्षा प्रौद्योगिकी के एकीकरण और सुरक्षा में सुधार के लिए उनके उन्नयन पर दिशानिर्देश तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर सिलक्यारा सुरंग के ढहने के बाद, सुरंग के ढहने के कारणों की जांच करने और सुरंग ढहने/सुरंग निर्माण के मामले में पालन किए जाने वाले एसओपी के संबंध में सिफारिशों के लिए सरकार द्वारा एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।'

## आधार सेवाओं के लिए अधिक शुल्क लेने पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को सूचित किया कि आधार सेवाओं के लिए अधिक शुल्क वसूलने वाले किसी भी ऑपरेटर को निलंबित कर दिया जाता है और उसे



नियुक्त करने वाले पंजीयक पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने सभी आधार ऑपरेटर को बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय विवरण अद्यतन किये जाने सहित विभिन्न आधार सेवाओं के लिए अधिक शुल्क न वसूलने का निर्देश दे रखा है। चंद्रशेखर ने कहा, ़हालांकि, अगर अधिक वसूली की कोई रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो उसकी जांच की जाती है और यदि यह साबित हो जाता है, तो संबंधित नामांकन पंजीयक पर 50,000 रुपये का वित्तीय जुर्माना लगाया जाता है और ऑपरेटर को निलंबित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी शिकायतें यूआईडीएआई के पास ईमेल के जरिये या टोल फ्री नंबर 1947 पर फोन कर दर्ज करा सकते हैं।

## तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विवि स्थापित करने वाले विधेयक को संसद से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद ने तेलंगाना में समक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्यसभा ने केंद्रीय



विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 को विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति में चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 को पिछले सप्ताह लोकसभा ने मंजूरी दी थी। उच्च सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में एक जनजातीय विश्वविद्यालय पहले ही स्थापित किया जा चुका है और परिसर ने काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, ''अगर तेलंगाना सरकार ने सही समय पर सहयोग किया होता तो यह विश्वविद्यालय अब तक बन गया होता। उन्होंने जमीन उपलब्ध कराने में लंबा समय लिया, इसलिए कार्यान्वयन में देरी हुई।'



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | चिन्दर - अमर सिंह मंझु के खेत से रोहताश मंझु के खेत तक पानी के खाल का निर्माण + 2 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 12.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भंडेरी, ब्लॉक कथुरा में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 12.12.2023 18.12.2023 | 39.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज नारनौल | गांव कोथाल कलां में मास्टर रोशन के मकान से सतदेव पुत्र गणपत के मकान की तरफ रास्ता का निर्माण, गांव कोथाल कलां में स्टेडियम से जगराम के मकान की तरफ रास्ता का निर्माण और गांव सुरजनवास में राजेन्द्र शर्मा के मकान से हिमंत पुत्र बंसीलाल के मकान तक गली मरम्मत का निर्माण + 7 कार्य। | 12.12.2023 21.12.2023 | 381.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988410870 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | शेरगढ़ खालसा - सुरेश कश्यप के खेत से प्रेम जाट के खेत तक रास्ता का निर्माण और शेरगढ़ खालसा - ब्लॉक इन्द्री में मेन रोड से धर्मपाल के खेत तक रास्ता का निर्माण, एमएमकेकेएसवाई + 3 कार्य। | 11.12.2023 25.12.2023 | 60.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव पोपड़ा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में राजकीय विद्यालय के निकट हॉल का निर्माण। | 08.12.2023 21.12.2023 | 13.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी बीरबल (खरक) - ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में हरिजन चौपाल को पूरा करना, स्कीम - जिला परिषद + 1 कार्य। | 09.12.2023 15.12.2023 | 20.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गांव जबरोट, जीपी जबरोट, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल का रखरखाव / मरम्मत + 4 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 11.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पांची जाट्टान, ब्लॉक गन्नौर में ग्रे वाटर ट्रीटमेंट नाला हेतु संशोधित आकलन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 16.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | एमपी एलएडीएस - गांव धनाना - एलएसटी, ब्लॉक व जिला भिवानी में ब्राह्मण धर्मशाला का निर्माण + 3 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 27.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | ब्लॉक सोनीपत में गांव सलीमसर माजरा, भडाना, गुहणा, सलारपुर माजरा, चटिया, संदल कलां, संदल खुर्द और गांव ठरू में नाला 2×2 और 1.5 और 1.5 का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 63.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव डोडवा में बीसी चौपाल का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 23.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मदीन, ब्लॉक कथुरा में बारम्भी वाला तालाब पर गऊघाट का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 40.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू, ब्लॉक गन्नौर में ग्रे वाटर प्रोजैक्ट। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 25.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला - गांव बक्शीवाला, जीपी बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत व रखरखाव + 9 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 21.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथुरा, रिंढाना और आहूलाना, ब्लॉक कथुरा में ग्रे वाटर मैनेजमेंट में ड्रेन और नाला का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 98.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव निजामपुर, ब्लॉक कथुरा में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 37.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज कलायत, कैथल | गांव कालासर में सामान्य चौपाल को पूरा करना, प्लास्टर कार्य, पेंट, चारदिवारी इत्यादि। | 11.12.2023 18.12.2023 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पाट्र्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 90 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 19 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पाट्र्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 42 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 20 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पाट्र्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 55 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पाट्र्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 70 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | वीडियो स्पैक्ट्रल कम्पारेटर्स की खरीद और गैस लिक्विड मास स्पेक्ट्रोफोटोमीटर्स की खरीद। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 23 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | सोलर जनरेशन और बी1-डायरेक्शनल मीटर की आपूर्ति समेत, 7 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक रखरखाव समेत बैटरी बैंक के बिना (नेट मीटरिंग सुविधा सहित) ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 24 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पाट्र्स के बिना तीन वर्ष के वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 50 मीटर (वर्किंग ऊंचाई) के टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/480/23371/I/88/6 दि. 13.12.23




## सीओपी 28 शिखर सम्मेलन का अंतिम सत्र

# जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने के समझौते पर सहमति

### दो सप्ताह तक गहन बातचीत के बाद फैसला

- अरब देशों ने कहा, आने वाले कई दशकों तक वैश्विक ऊर्जा का आधार बना रहेगा जीवाश्म ईंधन
- जीवाश्म ईंधन को बाहर करने के प्रयासों को अर्थव्यवस्था के लिए खतरा मान रहे हैं तेल उत्पादक देश



भाषा ▸▸ दुबई

सीओपी28 शिखर सम्मेलन के अंतिम सत्र में बुधवार को लगभग 200 देशों के बीच एक ऐतिहासिक जलवायु समझौते पर सहमति बनी, जिसमें जलवायु संकट के प्रमुख कारण जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल उचित और न्यायसंगत तरीके से खत्म करने का आह्वान किया गया है।

लगभग दो सप्ताह तक गहन बातचीत के बाद पहला 'ग्लोबल स्टॉकटेक' समझौता हुआ है, जिसमें देशों से आग्रह किया गया है कि वे कोयले से बिजली उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से घटाने के प्रयासों में तेजी लाएं।

इससे पहले भारत और चीन ने कोयले के इस्तेमाल में कटौती का कड़ा विरोध किया था। सीओपी28 के अध्यक्ष सुल्तान अल-जाबिर ने समझौते को लेकर घोषणा की तो वार्ताकारों से भरा कक्ष तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

दुबई जलवायु समझौते के मसौदे में पेरिस समझौते को ध्यान में रखते हुए तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के उद्देश्य से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में गहरी, तीव्र और निरंतर कटौती का आह्वान किया गया।

### सुल्तान अल-जाबिर ने समझौते घोषणा की

#### मसौदे में आठ विकल्प

समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आठ सूत्री योजना पेश की गई है, जिसमें 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए, इस दशक में कार्रवाई में तेजी लाते हुए, ऊर्जा प्रणालियों में उचित, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाना शामिल है। प्रस्ताव में, बिजली उत्पादन के लिए कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से बंद करने के प्रयासों में तेजी लाने का आग्रह किया गया है। हालांकि, पिछले सम्मेलनों के विपरीत, इसमें नए और निर्बाध कोयला बिजली उत्पादन की अनुमति को सीमित करने के संदर्भ का अभाव है। इस संदर्भ का अभाव भारत और चीन जैसे कोयले पर अत्यधिक निर्भर देशों की ओर से एक मजबूत प्रतिक्रिया का संकेत मिलता है।

#### पेरिस समझौते को अक्षरशः लागू करने की अपील की

भारत ने बुधवार को वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 में विश्व नेताओं से समानता और जलवायु न्याय के सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'ग्लोबल स्टॉकटेक' प्रक्रिया के माध्यम से पेरिस समझौते को अक्षरशः लागू करने का बुधवार को अनुरोध किया। सीओपी28 के समापन सत्र के अवसर पर पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि सम्मेलन के दौरान हुए सामूहिक प्रयासों ने पेरिस में निर्धारित तापमान लक्ष्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को मजबूत करके दुनिया को सकारात्मक संकेत भेजे हैं। आगे का रास्ता समानता और जलवायु न्याय पर आधारित होना चाहिए, आइए हम ग्लोबल स्टॉकटेक प्रक्रिया के माध्यम से पेरिस समझौते को अक्षरशः लागू करें।

## भारत ने गाजा में युद्ध विराम की मांग संबंधी प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया

# इस असाधारण कठिन समय में हमारी चुनौती सही संतुलन बनाना : कंबोज

भाषा ▸▸ संयुक्त राष्ट्र

गाजा में मानवीय मदद सुनिश्चित करने के लिए तत्काल युद्धविराम का समर्थन करते हुए भारत ने कहा है कि ''इस असाधारण मुश्किल समय में'' ''उचित संतुलन'' बनाना एक चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपातकालीन विशेष सत्र में मिस्र द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को मंगलवार को अभूतपूर्व समर्थन से पारित किया गया।

वैश्विक निकाय के 193 सदस्यों में से भारत समेत 153 सदस्यों ने प्रस्ताव के समर्थन में और 10 सदस्य देशों ने इसके विरोध में मतदान किया जबकि 23 अन्य सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव के विरोध में मतदान करने वालों में ऑस्ट्रिया, इजराइल और अमेरिका शामिल थे जबकि जर्मनी, हंगरी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन मतदान में भाग नहीं लेने वाले देशों में शामिल थे।




संरा में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मतदान के बाद कहा कि भारत ने महासभा द्वारा अभी अपनाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है।" अल्जीरिया, बहरीन, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और फलस्तीन प्रस्ताव के प्रायोजकों में शामिल रहे। प्रस्ताव में गाजा में मानवीय मदद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल युद्ध विराम की मांग की गई। इस प्रस्ताव में सभी पक्ष विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करें।

#### इससे पहले 27 अक्टूबर को पेश हुआ था

इससे पहले महासभा में 27 अक्टूबर को पेश प्रस्ताव में ''मानवीय आधार पर तत्काल युद्ध विराम'' और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच का आह्वान किया गया था। उस समय प्रस्ताव के समर्थन में 120 और विरोध में 14 मत पड़े थे। भारत उस समय मतदान से दूर रहा था। यूएस ने गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल युद्ध विराम की मांग कर रहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लगभग सभी सदस्यों और कई अन्य देशों द्वारा समर्थित प्रस्ताव के खिलाफ विश्व निकाय में शुक्रवार को वीटो का इस्तेमाल किया था।

### यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मां को यमन जाने की इजाजत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हत्या के आरोप में यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मां को दिल्ली हाई कोर्ट ने यमन जाने की इजाजत दे दी है। अब निमिषा की मां उसे बचाने के लिए वहां जाकर ब्लड मनी सैटलमेंट करेंगी। यानी बेटी की जान बचाने के लिए मां मारे गए शख्स के परिवार को मुआवजा देकर मामले को सुलझाने और निमिषा की सजा माफ करवाने की कोशिश करेंगी। कई इस्लामी देशों में यह कानून है कि मारे गए (हत्या के जरिए) शख्स का परिवार दोषी के परिवार से पैसा लेकर माफी दे सकता है। इसे ही ब्लड मनी कहा जाता है। दोनों पक्षों में समझौता हो जाता है तो जानकारी वहां की अदालत को एफिडेविट के जरिए देनी होती है।

### पाक: सैन्य अदालतों को नागरिकों पर केस चलाने की अनुमति दी

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सैन्य अदालतों में आम नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही न्यायालय ने 23 अक्टूबर के सर्वसम्मत से लिए गए अपने उस फैसले पर सशर्त रोक लगा दी, जिसमें उसने सैन्य अदालतों को आम नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। न्यायालय की छह सदस्यीय पीठ ने अपने पिछले आदेश को चुनौती देने वाली 'इंट्रा-कोर्ट अपील' (आईसीए) की याचिका पर 5-1 के बहुमत के साथ यह फैसला सुनाया।







*कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर दिया था बयान*

ओआईसी ने सुको फैसले पर जाहिर की थी चिंता

# इस्लामिक देशों के संगठन को भारत ने लगाई 'लताड़'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

धारा 370 पर 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर चिंता जताने पर मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी को भारत ने जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता जाहिर की थी। ओआईसी सचिवालय द्वारा जारी बयान के संबंध में, आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को खारिज करता है।



**प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा ओआईसी के इरादे और सूचना गलत**

*सुको ने 370 को हटाने के फैसले को माना वैध*

#### आतंकियों के इशारे पर काम

बागची ने कहा कि यह गलत सूचना और गलत इरादे वाला है। ओआईसी ऐसा मानवाधिकारों के सिलसिलेवार उल्लंघनकर्ता और सीमा पार आतंक के बेपरवाह प्रमोटर के इशारे पर करता है, जिससे उसकी कार्रवाई और भी संदिग्ध हो जाती है। इस तरह के बयान ओआईसी की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।

### चीन के खिलाफ फिलीपींस की मदद को आगे आया भारत, मनीला भेजा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत



**मनीला (एजेंसी)।** दक्षिण चीन सागर में चीन से संघर्ष के बीच भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत फिलीपींस पहुंचा है। फिलीपींस और चीन में दक्षिण चीन सागर में स्थित द्वीपों को लेकर चरम पर तनाव है। अभी हाल में ही चीनी तटरक्षक बल के युद्धपोतों ने फिलीपीन नौसेना के पोत पर वाटर कैनन से हमला किया था। इस हमले में फिलीपीनी नौका को भारी नुकसान पहुंचा था।

### एनआईए ने कर्नाटक में छह स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी द्वारा कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में बुधवार को बेंगलुरु में छह स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि अक्टूबर में दर्ज किए गए मामले की जांच के तहत चार आरोपियों और दो अन्य संदिग्धों के घरों पर छापेमारी की गई है। एनआईए टीम ने मोहम्मद उमर, मोहम्मद फैसल रब्बानी, तनवीर अहमद और मोहम्मद फारूक के साथ-साथ फरार जुनैद के परिसरों पर छापेमारी की।

### इजराइली सेना : गाजा की सुरंगों में भर रहा पानी

**तेल अवीव(एजेंसी)।** इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली सेना गाजा में हमास के सुरंगों को कई दिनों से तबाह करने में जुटी है। गाजा में इजराइली सेना सुरंगों में समंदर का पानी भर रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में पानी भरने से सुरंगें तबाह हो जाएगी और भविष्य में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इससे गाजा के शुद्ध पानी के गंदा होने का खतरा पनप रहा है। माना जा रहा है कि सुंरगों को समंदर के पानी से पूरी तरह भरने में इजराइली सेना को काफी समय लग जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25